• जयपुर, रविवार 8 दिसंबर 24 • वर्ष 14 • अंक 110 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 राजस्थान पीरियोडिकल प्रेस ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हुआ पत्रकार...

पेज @ 4 अजमेर के विकसित होने की शुरूआत, शीघ्र होगा अग्रणी शहरों की कतार...

पेज @ 8 डग में हिंदुवादी संगठनों ने निकाली जन आक्रोश रैली...

## संक्षिप्त खबरें

### देश भर में 19 से शुरू होगा प्रशासन गांव की ओर अभियान

**नई दिल्ली।** चौथे सुशासन सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को एक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान 19 से 24 दिसंबर तक देश के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अभियान में 700 से ज्यादा जिला कलेक्टर हिस्सा लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी।

### हिमंत सरकार का हुआ विस्तार

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा नेतृत्वाधीन एनडीए राज्य सरकार का दूसरी बार विस्तार हुआ। राजधानी के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दो मंत्रियों ने असमिया, एक ने हिंदी और एक ने बांग्ला भाषा में शपथ ग्रहण की। इस तरह अब असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है। शपथ ग्रहण करने वालों में प्रशांत फुकन, कौशिक रॉय, कृष्णेंदु पाल और रूपेश गोवाला शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के साथ उनके मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी एवं भाजपा के विधायक, सांसद, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में राजनेता मौजूद थे।

### बारामुला में दिखा दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति का मारखोर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के बोनियार के नूरखा गांव में शनिवार सुबह दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति के सर्पिल सींगों वाला मारखोर (जंगली बकरा) देखा गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने नूरखा में एक झरने के पास इस जानवर को देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस और वन्यजीव अधिकारियों की एक टीम ने मौके का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रजाति को पहली बार इस इलाके में देखा गया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि यह सीमा के दूसरी तरफ से आया होगा। अधिकारी ने कहा कि जानवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों को ऑपरेशन स्थल के करीब जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### गोरखपुर में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों को मृत्यु हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जानहानि की घटना पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि गोरखपुर शहर के मोहद्दीपुर में नहर रोड के पास शुक्रवार देर रात तीन मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गयी। हादसे में एक बाइक पर सवार पिता और दो पुत्रियों की मौत हो गई और दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों की जान चली गई। हादसे में मां-बेटे सहित तीन लोग घायल हैं।

## टीबी उन्मूलन के लिए शुरू हुआ 100 दिवसीय विशेष अभियान

# टीबी से बहुआयामी तरीके से लड़ रहा है भारत : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में तपेदिक यानि ट्यूबबरकलोसिस (टीबी) उन्मूलन के लिए आज से 100 दिवसीय विशेष अभियान शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का फोकस टीबी मरीजों की अधिकता वाले जिलों पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, टीबी के खिलाफ हमारी लड़ाई और मजबूत हो गई है! टीबी को हराने की सामूहिक भावना से प्रेरित होकर, आज से 100 दिन का एक विशेष अभियान शुरू हो रहा है, जिसका फोकस टीबी के उच्च बोझ वाले जिलों पर है। भारत टीबी से बहुआयामी तरीके से लड़ रहा है: (1) रोगियों को दोगुना समर्थन, (2) जन भागीदारी, (3) नई दवाएं, (4) तकनीक और बेहतर निदान उपकरणों का उपयोग। आइए हम सब मिलकर टीबी को खत्म करने में अपना योगदान दें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर आज से 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू कर रहा है। देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू की जाने वाली इस पहल को टीबी के मामलों का पता लगाने, निदान में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस 100 दिवसीय अभियान में टीबी मामलों की दर, निदान कवरेज और मृत्यु दर जैसे प्रमुख संकेतकों के प्रदर्शन में सुधार की परिकल्पना की गई है। अभियान में उन्नत निदान तक पहुंच बढ़ाना, कमजोर समूहों के बीच लक्षित जांच, उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और विस्तारित पोषण सहायता के प्रावधान पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह पहल देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाएगी, जिन्होंने टीबी सेवाओं को अंतिम छोर तक सुलभ कराया है।

### प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों को सलाम किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम किया है। इस मौके पर केंद्रीय सैनिक बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर डीएस बसेरा ने प्रधानमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और उन्हें बैज लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट कर कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के लिए है। उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में भी योगदान दें।

## सीरिया में अपने नागरिकों के लिए भारत ने दी सलाह, जल्द देश छोडने को कहा

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारत सरकार ने सीरिया में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एक अधिसूचना जारी की है।सरकार ने उन्हें हिंसा बढने के कारण जल्द से जल्द सीरिया देश छोडने के लिए कहा है।विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार देर रात एक बयान जारी किया, जिसमें भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई।यह सलाह सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के खिलाफ एक विद्रोही हमले के मद्देनजर जारी की गई है।

अधिसूचना में कहा गया है कि लोगों को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से सीरिया छोड़ दें और जो लोग सीरिया नहीं छोड़ सकते वे वे अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को न्यूनतम रखें।सीरिया में भारतीयों को दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने को कहा गया है। हेल्पलाइन नंबर +963-993385973 (व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध) और संपर्क कर सकते हैं।

सीरिया में विद्रोही गुट ने 8 साल बाद देश के बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है।इस अभियान का नेतृत्व मुख्य तौर पर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) नामक संगठन कर रहा है। ये अलकायदा से जुड़ा एक आतंकी समूह है।अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने एचटीएस को एक आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है, लेकिन संगठन अपने आतंकी संबंधों को नकारता रहा है।इनसे निपटने के लिए सीरियाई सरकार की मदद रूस की सेना भी कर रही है।

विद्रोही सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल हसन अब्दुलगनी ने इस हमले को एक रक्षात्मक जरूरत बताया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस को आया मैसेज

**मुंबई/एजेंसी।** मुंबई पुलिस को एक मैसेज मिला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई पुलिस को ये मैसेज व्हाट्सएप पर भेजा गया है।मैसेज मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई है और जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले की तलाश में एक टीम को अजमेर भेजा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन आज (7 दिसंबर) की सुबह ये मैसेज भेजा गया है। इसमें आईएसआई के 2 एजेंटों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश के बारे में बताया गया है।मैसेज के मुताबिक, दोनों एजेंट प्रधानमंत्री मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस को फोन कर प्रधानमंत्री मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। मामले में पुलिस ने एक महिला को हिरासत में भी लिया था, जो मानसिक रूप से अस्थिर थी।7 नवंबर मुंबई पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से कई

## बीच सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग, 12 घंटे के अंदर 3 मर्डर

### केंद्रीय मंत्री से भी मांगी गई लाखों की रंगदारी

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

देश की राजधानी दिल्ली अब क्राइम की कैपिटल भी बन चुकी है। आमजन से लेकर खास लोग दिल्ली में अपराधिक मामलों के शिकार हो रहे हैं। पिछले 12 घंटें के अंदर दिल्ली में कई बड़ी अपराधिक घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी जाने की है।

धमकी देने वाले शख्स ने मंत्री के फोन पर मैसेज भेजा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस और झारखंड के डीजीपी से की है।



संजय सेठ झारखंड से सांसद हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बढ़ते क्राइम को लेकर चिंता जताई है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का ये नक्शा दिखाता है कि अमित शाह जी अपने घर के 30 चरू के दायरे में भी सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। केजरीवाल ने गृह मंत्री से पूछते हुए कहा कि आखिर लोग सुरक्षा के लिए कहा जाएं?

## देशभर में खुलेंगे नए केंद्रीय और नवोदय विद्यालय, मोदी कैबिनेट से मिली मंजूरी

**नईदिल्ली/एजेंसी**

देशभर में नए केंद्रीय और नवोदय विद्यालय खोलने का रास्ता साफ हो गया है. मोदी कैबिनेट ने कुल 85 केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालयों को खोलने की मंजूरी दे दी है. इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अंतिम छोर पर बैठे लोगों के बच्चों तक भी पहुंच सकेगी. इसे लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी की.

पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट से लिखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूली शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं. इसी कड़ी में हमारी सरकार ने देशभर में 28 नए नवोदय विद्यालयों को मंजूरी दी है. इससे आवासीय और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा का बड़े दायरे में विस्तार होगा.

पीएम मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, स्कूली शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुलभ बनाने के लिए हमारी सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है. इसके तहत देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे. इस कदम से जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ होगा, वहीं रोजगार के भी बहुत सारे नए अवसर बनेंगे.

## बेनामी संपत्ति मामले में अजित पवार को क्लीन चिट

### आईटी ने जब्त संपत्ति रिलीज की

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद अजित पवार और उनके परिवार को बेनामी संपत्ति के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है।

आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है। दिल्ली ट्रिब्यूनल कोर्ट ने शुक्रवार को अपने फैसले में अजित पवार को बेनामी संपत्ति के मामले में क्लीन चिट दे दी। अदालत के आदेश पर आयकर विभाग की तरफ से जब्त की संपत्ति भी लौटा दी गई है। इस तरह से आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त की गई 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है।

## विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को सीरिया की यात्रा से बचने की दी सलाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यात्रा परामर्श जारी करते हुए कहा कि सीरिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है।



मंत्रालय ने सीरिया में मौजूद भारतीयों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी है। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि जो लोग वापस लौट सकते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से चले आएं और अन्य लोगों से अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित रखने की अपील की गई है।

कार्यक्रम > राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायरंगपुर में विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

# भारत सरकार के पूर्वोदय दृष्टिकोण से लाभान्वित हो रहा है ओडिशा

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा की पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शनिवार को रायरंगपुर में तीन नयी रेलवे लाइनों तीन रेल लाइनों बांगिरिपोसी-गोरुमहिसानी, बुरामारा-चाकुलिया और बादामपहाड़-केंदुझारगढ़ लाइन की आधारशिला रखी।

सुश्री मुर्मु ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आदिवासी अनुसंधान एवं विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे के उन्नयन और रायरंगपुर उप-मंडल अस्पताल में एक नये ब्लॉक के निर्माण की भी आधारशिला रखी।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि रेल परियोजनाएं और हवाई अड्डा क्षेत्र में परिवहन, वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा देंगे तथा 100 बिस्तरों वाली सुविधा वाला नया अस्पताल भवन स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा भारत सरकार के पूर्वोदय दृष्टिकोण से लाभान्वित हो रहा है।

### ● नया अस्पताल भवन स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा

> जिम्मेदारियों और व्यस्त कार्यक्रमों ने मुझे कभी भी अपने जन्मस्थान और यहां के लोगों से दूर नहीं किया, बल्कि लोगों का प्यार उन्हें अपनी ओर खींचता रहता है



### इस धरती की बेटी होने पर गर्वः राष्ट्रपति

शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन संपर्क और परिवहन सुविधाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ओडिशा में 100 से अधिक नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें मयूरभंज जिले के 23 स्कूल शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन स्कूलों से शिक्षा प्राप्त करने के बाद, आदिवासी बच्चे समाज और देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण योगदान दे सकेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे हमेशा इस धरती की बेटी होने पर गर्व रहा है। जिम्मेदारियों और व्यस्त कार्यक्रमों ने मुझे कभी भी अपने जन्मस्थान और यहां के लोगों से दूर नहीं किया, बल्कि लोगों का प्यार उन्हें अपनी ओर खींचता रहता है। मातृभूमि मेरे विचारों और कार्यों में बनी हुई है। इस क्षेत्र के लोगों का शुद्ध और गहरा स्नेह हमेशा मेरे मन में गूंजता है।


## प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऐप मामले में 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की

### कई राजनेताओं और नौकरशाहों के शामिल होने का आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईडी रायपुर जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत 05 दिसंबर, 2024 को चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। एजेंसी के मुताबिक इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। ईडी ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि इस मामले में टिबरेवाल से पूछताछ की जा रही है। इस जांच के दौरान कई ऐसे आदेश जारी किए हैं और नवीनतम आदेश के साथ अब तक 2,295.61 करोड़ रुपये की संपत्ति या तो फ्रीज, कुर्क या जब्त कर ली गई है।



# सब उपाय फेल महंगाई डायन बढ़ती ही जाती है!

देश में खुदरा वस्तुओं की कीमत में पिछली तिमाही में इजाफा हुआ है। कीमत नियंत्रण के तमाम सरकारी उपाय धरे रह जाते हैं लेकिन महंगाई थमती नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कोशिश खुदरा महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर करना है, मगर तमाम कोशिशों के बावजूद इस पर काबू पाना कठिन दिखता है। महंगाई को देखते हुए ही एक बार फिर से रिजर्व बैंक ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। मौद्रिक नीति समिति की ताजा घोषणा में रेपो रेट को लगातार 11वीं बार 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस फैसले को प्राइस स्टेबिलिटी और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता बताया है। रेपो रेट को स्थिर रखने और कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में कटौती जैसे कदम यह दर्शाते हैं कि आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखते हुए आर्थिक विकास को गति देने की रणनीति पर काम कर रहा है।

दरअसल सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई 2 फीसदी के घट–बढ़ के साथ 4 फीसदी पर रखने का जिम्मा दे रखा है। आरबीआई के लिए चिंता की सबसे बड़ी बात खाद्य मुद्रास्फीति है, जो पिछले कई महीनों से नीचे आने का नाम नहीं ले रही है। यही वजह है कि आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती से अभी के लिए परहेज किया। अक्टूबर में खुदरा महंगाई 6.21 फीसदी पहुंच गई यानी आरबीआई की सहनशक्ति के बाहर है। वर्तमान में महंगाई दर को संतुलित बनाए रखना आरबीआई की प्राथमिकता है। एमपीसी ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई दर 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहेगी। ऐसे में रेपो रेट को स्थिर रखने से महंगाई के दवाव को कम करने में मदद मिल सकती है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधानों के बीच आर्थिक स्थिरता बनाए रखना आवश्यक है। रेपो रेट स्थिर रहने से बाजार में अनावश्यक अस्थिरता नहीं आएगी। आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि प्राइस स्टेबिलिटी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। रेपो रेट में बदलाव न करके आरबीआई यह सुनिश्चित कर रहा है कि उपभोक्ताओं और व्यवसायों को वित्तीय स्थिरता का लाभ मिले। सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) वह प्रतिशत है, जो बैंकों को अपनी कुल जमा का एक हिस्सा आरबीआई के पास रिजर्व के रूप में रखना होता है। इस बार आरबीआई ने सीआरआर में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर इसे 4 प्रतिशत कर दिया है। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी, जिससे वे अधिक ऋण प्रदान कर सकेंगे। लिक्विडिटी बढ़ने से बैंकों को उपभोक्ताओं और व्यवसायों को कर्ज देने में आसानी होगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को कर्ज सुलभ होगा, जो रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

आरबीआई की अन्य घोषणाओं में स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को 6.25 प्रतिशत पर स्थिर रखना और बैंक रेट व मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) को 6.75 प्रतिशत पर बनाए रखना शामिल है। ये घोषणाएं मौद्रिक नीति की स्थिरता और विकास के प्रति आरबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 प्रतिशत से नीचे रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए यह लिए यह अनुमान 4 प्रतिशत के करीच रखा गया है। यह दिखाता है कि आरबीआई का लक्ष्य है कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहे और आम जनता पर इसका दबाव कम हो। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि सस्टेनेबल प्राइस स्टेबिलिटी आर्थिक विकास की नींव को मजबूत कर सकती है। यह दृष्टिकोण दीर्घकालिक विकास के लिए आवश्यक है। आरबीआई की मौद्रिक नीति वर्तमान में 'स्थिरता और संतुलन' की ओर उन्मुख है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में उतार–चढ़ाव, तेल की कीमतों में अस्थिरता, और मुद्रा बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, आरबीआई अपनी नीतियों को संतुलित कर रहा है। रेपो रेट स्थिर रखने और सीआरआर में कटौती जैसे कदम अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाते हैं। रेपो रेट स्थिर रहने से होम लोन और अन्य ऋणों की ईएमआई पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा, जो उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात है। सीआरआर में कटौती से बैंकों को अधिक लिक्विडिटी मिलेगी, जिससे लोन सुलभता में वृद्धि होगी। छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) को कर्ज मिलने में आसानी होगी, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

देखा जाए तो आरबीआई की मौद्रिक नीति ने स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, जैसे, अमेरिका और यूरोपीय देशों में आर्थिक मंदी की संभावना, वैश्विक तेल कीमतों में उतार–चढ़ाव, और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। प्राइस स्टेविलिटी बनाए रखना आसान नहीं होगा, खासकर जब खाद्य और ऊर्जा की कीमतें अस्थिर हों। निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि के लिए नीतिगत स्थिरता के साथ– साथ संरचनात्मक सुधारों की भी आवश्यकता होगी। दूसरी बात है कि सितंबर 2024 में समाप्त तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 5.4 प्रतिशत रही। इसने काफी निराश किया। इस गिरावट ने ब्याज दरों में कटौती की मांग को और चल दिया है। हालांकि, जल्द ही स्थिति में सुधार होने की संभावना है। एचएसबीसी रिसर्च रिपोर्ट की 100–संकेत कों के अध्ययन से पता चलता है कि र5 प्रतिशत अर्थव्यवस्था सकारात्मक गति से बढ़ रही है। भारत की विकास दर अब अधिक स्थायी लेकिन मजबूत स्तर पर सामान्य हो रही है। महंगाई दर अभी ऊंची है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही इसमें नरमी आयेगी। मार्च तक 5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी। लगातार बाहरी अनिश्चितता के कारण फरवरी से शुरू होने वाले रेपो रेट कटौती साइकिल में कमी आ सकती है। आरबीआई गवर्नर दास के अनुसार बैंकों, एनबीएफसी के वित्तीय मापदंड मजबूत बने हुए हैं। वित्तीय क्षेत्र की सेहत सर्वोत्तम स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2025 में टिकाऊ स्तर पर रहेगा। भारतीय रुपया उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं वाले अपने समकक्षों की तुलना में कम अस्थिर रहा है। आरबीआई विनियमित संस्थाओं पर केवल उन मामलों में व्यावसायिक प्रतिबंध लगाता है जहां पर्याप्त सुधारात्मक कार्रवाई दिखाई नहीं देती।


# भ्रष्टाचार के अंधेरे कुएं से निकालने की चुनौती



ललित गर्ग

अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस प्रतिवर्ष 9 दिसम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र ने एक भ्रष्टाचार–निरोधी समझौता पारित किया था और तभी से यह दिवस मनाया जाता है। पूरे विश्व में एक समृद्ध, ईमानदार, पारदर्शी, नैतिक एवं मूल्याधारित समाज को बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना इस दिन का मुख्य उद्देश्य है। तेजी से पांव पसार रहा भ्रष्टाचार किसी एक समाज, प्रांत या देश की समस्या नहीं है। इसने हर व्यक्ति एवं व्यवस्था को दूषित किया है, इसे रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं प्रक्रिया आवश्यक है। सत्ता एवं स्वार्थ ने भ्रष्टाचारमुक्ति को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसी कायरता का एक उदाहरण शुक्रवार को संसद में नोटों का बण्डल मिलना है, सांसदों के खरीद–फरोख्त के किस्से आम है, वर्ष 2008 में अविश्वास प्रस्ताव पर मनमोहन सिंह की सरकार को बचाने के लिये सांसदों को खरीदने की कोशिश का मामला भी काफी चर्चित रहा है। ऐसी ही घटनाओं की वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा–सा, भ्रष्ट एवं अनैतिक लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में नैतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार दुनिया के सभी हिस्सों में व्याप्त है, यह राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक हो और साथ ही लोकतांत्रिक संस्थानों को भी कमजोर करता है, सरकारी अस्थिरता में योगदान देता है और आर्थिक विकास को भी धीमा करता है, तभी इस विकराल होती समस्या पर नियंत्रण पाने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने भ्रष्टाचार निरोध दिवस को आयोजित करने का निश्चय किया। इस वर्ष इस दिवस की थीम है "भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट होनाः कल की ईमानदारी को आकार देना।" यह थीम भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों में युवाओं को शामिल करने पर केंद्रित है, जो युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाती है। पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता को बढ़ावा देकर हम सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार निरोध दिवस मनाते हुए दुनिया के कतिपय राष्ट्रों ने ईमानदार शासन व्यवस्था देने का उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिनमें भारत में नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को जन्म दिया है, न खाऊंगा का प्रधानमंत्री का दावा अपनी जगह कायम है लेकिन न खाने दूंगा वाली हुंकार अभी अपना असर नहीं दिखा पा रही है। सरकार को भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये सख्ती के साथ–साथ व्यावहारिक कदम उठाने की अपेक्षा है। आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके देश में भ्रष्ट कार्यसंस्कृति ने देश के विकास को अवरूद्ध किया। आजादी के बाद से अब तक देश में




हुये भ्रष्टाचार और घोटालों का हिसाब जोड़ा जाए तो देश में विकास की गंगा बहायी जा सकती थी। दूषित राजनीतिक व्यवस्था, कमजोर विपक्ष और क्षेत्रीय दलों की बढ़ती ताकत ने पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार के अंधेरे कुएं में धकेलने का काम किया। देखना यह है कि क्या वास्तव में हमारा देश भ्रष्टाचारमुक्त होगा? यह प्रश्न आज देश के हर नागरिक के दिमाग में बार–बार उठ रहा है कि किस प्रकार देश की रगों में बह रहे भ्रष्टाचार के दूषित रक्त से मुक्ति मिलेगी।

वर्तमान सरकार की नीति और नियत दोनों देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने की है, लेकिन उसका असर दिखना चाहिए। विभिन्न राजनीतिक दल जनता के सेवक बनने की बजाय स्वामी बन बैठे। मोदी ने इस सड़ी–गली और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने का बीड़ा उठाया और उसके परिणाम भी देखने को मिले। प्रधानमंत्री का स्वयं को प्रधानसेवक कहना विपक्ष के लिये जुमलेबाजी का विषय हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में लोक विश्वास, लोक सम्मान जब ऊर्जा से भर जाए तो लोकतंत्र की सच्ची संकल्पना आकार लेने लगती है। मोदी ने लोकतंत्र में लोक को स्वामी होने का एहसास बखूबी कराया है। लेकिन प्रश्न यह है कि यही लोक अब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ जागृत क्यों नहीं हो रहा है? जन–जागृति के बिना भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार की चरम पराकाष्ठा के बीच मोदी रूपी एक छोटी–सी किरण जगी है, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े लोग एक दूसरे के कान में कह रहे हैं, इस देश ने भ्रष्टाचार की अनेक आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर भारत की ईमानदारी, नैतिकता एवं सदाचार के दीपक को बुझने मत देना।

भ्रष्टाचार और काले घन के खिलाफ जो माहौल बना निश्चित ही एक शुभ संकेत है देश को शुद्ध सांसें देने का। क्योंकि हम गिरते गिरते इतने गिर गये कि भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, नैतिकता, पारदर्शिता की कहीं कोई आवाज उठती भी थी तो ऐसा लगने लगता है कि यह विजातीय तत्व है जो हमारे जीवन में घुस रहा है। जिस नैतिकता, प्रामाणिकता और सत्य आचरण पर हमारी संस्कृति जीती रही, सामाजिक व्यवस्था बनी रही, जीवन व्यवहार चलता रहा, वे आज लुप्त हो गये हैं। उस वस्त्र को जो राष्ट्रीय जीवन को ढके हुए था आज हमने उसे तार–तारकर खूंटी पर टांग दिया है। मानों वह हमारे पुरखों की चीज थी, जो अब इतिहास की चीज हो गई। लेकिन देर आये दुरस्त आये कि भांति अब कुछ संभावनाएं मोदी ने जगाई है, इस जागृति से कुछ सबक भी मिले हैं और कुछ सबब भी है। इसका पहला सबब तो यही है कि भ्रष्टाचार की लडाई चोले से नहीं, आत्मा से ही लड़ी जा सकती है। दूसरा सबब यह है कि धर्म और राजनीति को एक करने की कोशिश इस मुहिम को भोंथरा कर सकती है। तीसरा सबब है कि कोई गांधी या कोई गांधी बन कर ही इस लड़ाई को वास्तविक मंजिल दे सकता है। एक सबब यह भी है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों से भ्रष्टाचारमुक्ति की आशा करना, अंधेरे में सूई तलाशना है।

विभिन्न देशों में भ्रष्टाचार की सीमा को मापने का एक तरीका भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक है, जिसे ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है, जो नीति निर्माताओं और संगठनों को भ्रष्टाचार रूपी समस्याओं को पहचानने और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है। ग्लोबल करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत की स्थिति चिंताजनक रही है। 2023 में भारत 40 अंकों के साथ 180 देशों में 93वें स्थान पर था। यह स्कोर दर्शाता है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए भारत को अभी भी लंबा रास्ता तय करना है। भारत ने भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए कई भ्रष्टाचार विरोधी कानून और नीतियां लागू की हैं। इन ढांचों का उद्देश्य जवाबदेही को मजबूत करना और नैतिक शासन सुनिश्चित करना है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 यह भ्रष्टाचार को परिभाषित करता है और लोक सेवकों द्वारा किए गए अपराधों के लिए दंड निर्धारित करता है। इसे 2018 में संशोधित किया गया और रिश्वत देने वालों के लिए दंड को शामिल करने के लिए पीसीए के दायरे का विस्तार किया गया। भारतीय न्याय संहिता, 2023 इस अधिनियम ने भारतीय दंड संहिता, 1860 का स्थान लिया। इसने भ्रष्टाचार से संबंधित विभिन्न प्रावधानों का आधुनिकीकरण और सुधार किया तथा रिश्वतखोरी के लिए दंड का प्रावधान किया।

आदर्श सदैव ऊपर से आते हैं। लेकिन आजादी के बाद की सरकारों एवं राजनीतिक दलों के शीर्ष पर इसका अभाव रहा है। वहां मूल्य बने ही नहीं हैं, फलस्वरूप नीचे तक, साधारण से साधारण संस्थाएं, संगठनों और मंचों तक स्वार्थ सिद्धि और नफा–नुकसान छाया हुआ रहा है। सोच का मापदण्ड मूल्यों से हटकर निजी हितों पर ठहरता गया है। यहां तक धर्म का क्षेत्र एवं तथाकथित चर्चित बाबाओं की आर्थिक समृद्धियों ने इस बात को पुष्ट किया है। क्योंकि वे खुद संन्यासी होने के बावजूद फकीर नहीं रह पाए। वह अरबपति बन गये, कारोबारी हो गये, कोरपोरेटर हो गये। इन बाबाओं के साथ जो विडम्बना है वह यह है कि वे यह सब करते हुए भी गांधी बनना चाहते हैं, गांधी दिखना चाहते हैं। पैसा और ताकत ही अगर देश में ज्वार पैदा कर पाते, तो आज तक कई अरबपति देश की सत्ता पर काबिज हो गये होते, कोई चाय बेचने पर प्रधानमंत्री नहीं बन पाता। यही लोकतंत्र की विशेषता एवं प्राण ऊर्जा है, जिस पर देश टिका है।

# कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती



मनोज कुमार मिश्र

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव–देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हैं। पर्यावरण के नजरिये से घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा इत्यादि ज्यादा नुकसानदेह हैं। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कूड़े में से तमाम नए तरह के कूड़े पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खासकर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई या दूसरे शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंड के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई से छोटे शहर देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ा कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद (शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन्यजीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं।

घरों से निकलने वाले कूड़े का प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग–अलग कूड़े की छंटाई शुरुआत में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब इमारतों को तोड़ने या पुनर्निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री–साईकिल करके दूसरी चीजें बनाई जाने लगी हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरों का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगती है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है।

अब मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उन पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम दुनिया के जिन अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता की अंधी दौड़ में फंसे हुए हैं, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस–फूस के मकानों को तोड़ कर वापस कुछ और मिट्टी या बांस–फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थीं। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग सामान लाने–ले–जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रॉनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है। शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे। अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कारण कूड़ा–कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन–सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में प्रदूषण के बड़े कारणों में एक मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या पर हम पूरी तरह से निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव करके प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में निर्यात परिदृश्य में वृद्धि



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

आत्मनिर्भर भारत और "स्व" आधारित अर्थव्यवस्था ने केंद्र में मोदी सरकार का मार्गदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए समय–समय पर लागू की गई नीतियों के अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निरंतर प्रयासों से भविष्य में सभी उद्योगों में मजबूत सकारात्मक आर्थिक परिणाम मिलेंगे। भारतीयों और मोदी सरकार के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वास, भरोसा और सम्मान में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय व्यवसायों और उद्योगों के लिए पूरी दुनिया यानी 800 करोड़ ग्राहक सामने आए हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए युवाओं को अपने ज्ञान, कौशल और शोध योग्यता में सुधार करना चाहिए।

भारत के वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह निर्यात वातावरण में असाधारण सफलताओं द्वारा परिभाषित की गई है। देश ने पेट्रोलियम तेल, कृषि रसायन, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) और कीमती जवाहरात (जेम्स ) सहित विभिन्न उद्योगों में बड़ी प्रगति की है। यह वृद्धि बेहतर तकनीक, नवीन तकनीकों और प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के माध्यम से वैश्विक मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता को दर्शाती है। मजबूत सरकारी पहलों के समर्थन से देश न केवल अपने निर्यात आधार का विस्तार कर रहा है बल्कि भरोसेमंद विश्वव्यापी आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को भी बढ़ा रहा है। 4–अंकीय एचएस स्तर पर कई महत्वपूर्ण उत्पाद श्रेणियों में भारत का निर्यात प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है, देश ने शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के बीच अपनी स्थिति को बरकरार रखा है या इसमें सुधार किया है, सभी का निर्यात मूल्य 2023 में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है।

## पेट्रोलियम क्षेत्र

पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) ने तेजी से विकास किया है, निर्यात मूल्य 2014 में \$60.84 बिलियन से बढ़कर 2023 में \$84.96 बिलियन हो गया है, जो वैश्विक बाजार का 12.59% है। इस जबरदस्त उछाल ने भारत को दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है, जो बढ़ी हुई रिफाइनिंग सुविधाओं, अधिक उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है, जिसने दुनिया भर में एक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। इसके अलावा, भारत का कोल टार डिस्टिलेशन उत्पादों का निर्यात 2023 में \$1.71 बिलियन तक पहुंच गया, जो वैश्विक बाजार का 5.48% हिस्सा है और कुल मिलाकर चौथे स्थान पर है, जो औद्योगिक मूल्य श्रृंखलाओं में इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है।

## कृषि रसायन क्षेत्र

भारत को कृषि रसायन क्षेत्र में विशेष रूप से कीटनाशकों, कृंतकनाशकों और कवकनाशकों के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 2023 में निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जो विश्वव्यापी बाजार का 10.85% है, यह 2014 में 5.89% था। अनुसंधान और विकास में निवेश, साथ ही अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के पालन ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बनने में मदद की है। यह वृद्धि स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

भारत के चीनी निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, देश की गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31% से बढ़ कर 2023 में 12.21% हो गई है। 2023 में निर्यात कुल 3.72 बिलियन डॉलर रहा, जिसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया। मजबूत उत्पादन आधार और लाभकारी कृषि नीतियों ने भारत को विशेष रूप से दक्षिण–पूर्व एशिया और अफ्रीका में बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया है, जिससे उसका कृषि क्षेत्र मजबूत हुआ है।

## इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र

इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर और संबंधित घटकों के निर्यात से देखा जा सकता है, जो 2014 में 1.08 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 तक 2.85 बिलियन डॉलर हो गया है। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 2023 में 2.11% हो गई, जो इसे 2014 में सत्रहवें स्थान से दसवें स्थान पर ले गई। "मेक इन इंडिया" और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं जैसे सरकारी योजनाओं ने इस प्रगति को गति दी है, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बना है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने जबरदस्त परिणाम दिए हैं। निर्यात 2014 में 0.23 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 2023 में 1.91 बिलियन डॉलर हो गया, जो 1.40% की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी तक पहुँच गया और नौवें स्थान पर पहुँच गया, जो 2014 में 20वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह उपलब्धि वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है, जिसे घरेलू उत्पादन और नवाचार में सुधार की पहलों द्वारा बल मिला है। इलेक्ट्रिक मोटरों और जनरेटरों के लिए भागों का निर्यात भी काफी बढ़ गया है, जो 2023 में 4.86% की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ 1.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। यह वृद्धि नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की दुनिया भर में बढ़ती मांग के अनुरूप है, जिसने भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

## रबर न्यूमेटिक टायर और अन्य औद्योगिक उत्पाद

भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में बहुत प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। इसका वैश्विक बाजार हिस्सा बढ़कर 3.31% हो गया, जिससे यह 2014 में चौदहवें स्थान से आठवें स्थान पर पहुँच गया। यह विस्तार भारत की गुणवत्ता, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विभिन्न ग्राहकों, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सेवा करने की क्षमता पर जोर देता है। इसी तरह, नल, वाल्व और ऐसे ही औद्योगिक उत्पादों का निर्यात 2023 में 2.12 बिलियन डॉलर था, जो दुनिया भर के बाजार का 2.16% था और भारत को वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान पर रखता है। यह सफलता काफी हद तक उन्नत उत्पादन विधियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है।

## बहुमूल्य और अर्ध-बहुमूल्य जवाहरात

भारत ने बहुमूल्य और अर्ध–बहुमूल्य जवाहरात निर्यात में विश्व में अग्रणी के रूप में पहचान बनाई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 2014 में 2.64% से बढ़कर 2023 में आश्चर्यजनक रूप से 36.53% हो गई है। 1.52 बिलियन डॉलर का निर्यात रत्न प्रसंस्करण में भारत के सदियों पुराने कौशल और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को दर्शाता है।

## भारत के निर्यात परिदृश्य को मजबूत करने के लिए सरकारी पहल

केंद्र सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने, निवेश को आकर्षित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के उपाय और नीतियाँ शुरू की हैं। 31 मार्च, 2023 को एक नई विदेश व्यापार नीति शुरू की गई और 1 अप्रैल, 2023 को लागू हुई। नीति की मुख्य रणनीति चार प्रमुख तत्वों पर आधारित है। (६) छूट प्रोत्साहन, (६) निर्यातकों, राज्यों, जिलों और भारतीय मिशनों के साथ सहयोग के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देना, (६) लेन–देन की लागत को कम करके और ई–पहल को लागू करके व्यापार करने में आसानी में सुधार करना, और (५) ई–कॉमर्स जैसे उभरते क्षेत्रों को प्राथमिकता देना, जिलों को निर्यात हब के रूप में विकसित करना और रउडटएळ (विशेष रसायन जीव सामग्री उपकरण और प्रौद्योगिकी) नीति को सुव्यवस्थित करना। यह रउडटएळ के तहत दोहरे उपयोग वाली उच्च–स्तरीय तकनीक जैसे बढ़ते उद्योगों, ई–कॉमर्स निर्यात को बढ़ाने और निर्यात वृद्धि के लिए राज्यों और जिलों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। नई विदेश व्यापार नीति (एफ़टीपी) में पुराने लंबित प्राधिकरणों को निपटाने और अपने परिचालन को फिर से शुरू करने में निर्यातकों की सहायता के लिए एक बार की एमनेस्टी योजना शामिल है। यह "निर्यात उत्कृष्टता योजना के शहर" के माध्यम से नए शहरों की पहचान को भी प्रोत्साहित करता है और "स्थिति धारक योजना" के माध्यम से निर्यातकों को मान्यता देता है।

नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया है जिसमें 1.33 लाख उद्धक्क्ळ–मान्यता प्राप्त उद्यम शामिल हैं। इसकी कार्य योजना में सरलीकरण, बजटीय सहायता और उद्योग–अकादमिक सहयोग शामिल हैं। व्यापार नीति सुधारों ने वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क में भारत की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विदेश व्यापार नीति, जो लागत प्रतिस्पर्धात्मकता, व्यापार सुविधा और विकासशील क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती है, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भागीदारी बढ़ाने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। भारत सरकार ने बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएम गतिशक्ति एनएमपी जीआईएस–सक्षम पोर्टल का उपयोग करते हुए 13 अक्टूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का अनावरण किया। पीएमजीएस अपनाने से मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ती है, अंतिम मील तक कनेक्टिविटी बढ़ती है और व्यापार और जीवन को आसान बनाने में योगदान मिलता है। पीएम गतिशक्ति एनएमपी के पूरक के रूप में, पूरे देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 17 सितंबर, 2022 को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) लागू की गई थी। ये रणनीतियाँ नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क के साथ एकीकरण बढ़ाने के लिए मिलकर काम करती हैं।

भारत की निर्यात उपलब्धियाँ इसकी बढ़ती विनिर्माण क्षमताओं, रणनीतिक पहल और नवाचार के प्रति समर्पण का प्रतिबिंब हैं। वैश्विक कीमती जवाहरात बाजार का नेतृत्व करने से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल घटकों जैसे अभिनव क्षेत्रों में पैठ बनाने तक, भारत की निर्यात यात्रा देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दर्शाती है। नई विदेश व्यापार नीति, पीएलआई योजनाएँ और कई अन्य जैसे सरकार के दूरदर्शी उपाय भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैसे–जैसे भारत अपने निर्यात पोर्टफोलियो में विविधता लाता है और अपनी विश्वव्यापी उपस्थिति का विस्तार करता है, यह 2047 तक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के अपने लक्ष्य तक पहुँचने की राह पर है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### बाडगंगा नदी को गंभीर नदी से जोड़ने के लिए आज पथैना में किसानों की होगी जनसभा

**चमकता राजस्थान/भुसावर (राजवीर सिंह)।** बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने और सिंचाई पानी की व्यवस्था करने के मुद्दे पर कल रविवार को जिले के ऐतिहासिक गाँव पथैना में होगी किसानों की सभा जिसमें भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट लेगे हिस्सा । किसान संघर्ष समिति के नेता घनश्याम गाजीपुर ने बताया कि पथैना की जनसभा में आसपास के गाँवों के किसान भी हिस्सा लेगे ।इस सभा में पानी और रोजगार के मुद्दे पर होगी चर्चा ।पथैना में पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का पानी आन्दोलन को लेकर कर रहे संघर्ष के लिये अभिनन्दन भी किया जायेगा ।

### अल्फा स्कूल कि छात्राओं का युवा महोत्सव में चयन



**चमकता राजस्थान/फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** राजकीय शाकम्भरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में अल्फा योगा कॉलेज एवं अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलेरा, कि दो बालिकाओं का चयन हुआ। छात्रा प्ररेणा यादव ने एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पूजा श्री यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा महोत्सव में विभिन्न प्रकार कि 11 कलाओं का प्रदर्शन किया गया था। जिस में 700 से अधिक पंजीकृत विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्ररेणा यादव अपनी कला का प्रदर्शन अब संभाग-स्तर पर करेगी। बालिकाओं का संस्था परिसर में संस्था निदेशक घीसालाल कालीरावणा,पीईओ एवं प्रधानाचार्य प्रहलाद कलावत ,उमराव सिंह, शंकर सैनी,सुरेशचौधरी, चेतन कुमावत, अशोक शेष्मा, अभिषेक कालीरावणा, संदीप चौहान, सुशील त्यागी, दिनेश शर्मा,रोशन टेलर, आकाशवाणी कलाकार प्रकाश चौपड़ा,नितासाहु, राधा कुमारी,निशा कंवर, सीमा,राजु, किरण, अंजू प्रजापत, वर्षा सैनी आदि ने बालिकाओं को स्मृति- चिह्न एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयास से कालवाड़ महाविद्यालय को 1.2 हेक्टेयर भूमि का आवंटन,



**चमकता राजस्थान/ फुलेरा (दामोदरकुमावत)।** कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार और झोटवाड़ा से विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के सतत प्रयास और नेतृत्व में झोटवाड़ा क्षेत्र में कालवाड़ महाविद्यालय के लिए 1.2 हेक्टेयर (12000 वर्ग मीटर) भूमि का आवंटन किया गया है। यह ऐतिहासिक कदम न केवल झोटवाड़ा क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि इसे आत्म निर्भर भारत के निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से लेकर डिजिटल शिक्षा और महाविद्यालयों की स्थापना, यह सब मोदी जी की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### कृषि मंडी परिसर में शिविर में 53 कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

- **रक्तदान करने पर एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान**

**चमकता राजस्थान/नदबई, (राजवीर सिंह)।** कृषि मंडी परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 53 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। इससे पहले एचडीएफसी शाखा प्रबंधक रविकांत चौधरी ने रक्तदान से गरीब व असहाय मरीज की सेवा करने को सबसे बड़ा पुण्य बताते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने को कहा। बाद में बैंक प्रतिनिधियों ने रक्तदान करने पर करीब 53 कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिंह देकर अभिनंदन किया। शिविर दौरान ब्लड़ बैंक टीम प्रभारी रिंकू चौधरी, त्रिलोक, यशपाल डागुर, विश्वेन्द्र फौजदार, अनुष्का फौजदार सहित बैंककर्मी मंगल बैरवा, नाहर सिंह, सचिन्द्र पाराशर, विष्णु राणा, हेमन्त सैन, रामेश्वर मगन, तेजसिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद को लेकर पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

- **उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष को लेकर एक-एक नामांकन**

**चमकता राजस्थान/नदबई,(राजवीर सिंह)।** नदबई बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन जमा के अंतिम दिन शनिवार तक अध्यक्ष पद को लेकर पांच प्रत्याशियों की ओर से नामांकन जमा हुए। जबकि, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष को लेकर एक-एक प्रत्याशी की ओर से नामांकन किया गया। हालांकि, 9 दिसम्बर को नामांकन वापिस के निर्धारित समय के बाद ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा होगी। वही, अध्यक्ष पद को लेकर 13 दिसम्बर को मतदान होगा।

निर्वाचन अधिकारी जगवीर सिंह ने अध्यक्ष पद को लेकर श्याम सिंह डागुर, दिलीप डागुर, रामकिशन गुर्जर, मनीष सेजवाल व रमेशचंद देशवाल की ओर से नामांकन जमा होने एवं उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश बिहारिया, महासचिव को मोरध्वज सिंह, संयुक्त सचिव महावीर प्रसाद व कोषाध्यक्ष को संजय कुमार की ओर से नामांकन जमा होने के बारे में बताया।

# राजस्थान पीरियोडिकल प्रेस ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हुआ पत्रकार संगठनों का विशाल सांकेतिक धरना

**राजस्थान में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग ने पकड़ा जोर, लामबंद हुए पत्रकार संगठन, सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**

## न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ राष्ट्रीय संगठन ने धरने में दिया पत्रकार हितों की सुरक्षा और मांगों को दिया समर्थन

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** । पत्रकारों के हितों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राजस्थान पीरियोडिकल प्रेस ऑफ़ इंडिया (पीपीआई) द्वारा शनिवार, 7 दिसंबर को शहीद स्मारक, एमआई रोड, जयपुर पर विशाल धरने का आयोजन किया गया। यह सांकेतिक धरना दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें जयपुर और अन्य जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया।इस धरने का नेतृत्व पीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा की अनुशंसा पर यह आयोजन हुआ। धरने में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आवासीय योजना को पूरा करने, लघु एवं मंझौले समाचार पत्रों के लिए विज्ञापन नीति बनाने और डिजिटल मीडिया को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।





### पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

धरने में पत्रकारों ने राजस्थान सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून तुरंत लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और कैमरे में अपराधियों के सबूत रखने के कारण अक्सर निशाने पर रहते हैं। कई घटनाओं में पत्रकारों पर हमले हुए हैं, उनके उपकरण तोड़े गए हैं, और कुछ मामलों में तो उनकी हत्या को दुर्घटना का रूप दे दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने कहा, पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बेहद जरूरी है। यह उनका अधिकार है, जिसे सरकार को देना ही होगा। यह धरना सरकार को यह संदेश देगा कि अब पत्रकार चुप नहीं बैठेंगे।

- **गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं डिजिटल मीडिया को मिले आवश्यक सुविधाएं :**

» डिजिटल मीडिया के लिए स्पष्ट नीति तैयार की जाए और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ा जाए।

- **गैर-अधिस्वीकृत पत्रकारों को सुविधाः**

» गैर–अधिस्वीकृत पत्रकारों को भी अधिस्वीकृत पत्रकारों की तरह सरकारी सुविधाएं और मेडिक्लेम पॉलिसी का लाभ दिया जाए।

### मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

पत्रकार संगठन पीपीआई ने पत्रकारों की ज्वलंत मांगों का 5 सूत्रीय मांग पत्र सीएमआर में मुख्यमंत्री के नाम उपस्थित अधिकारी को दिया गया।

पीपीआई के डेलिगेशन में प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय, प्रदेश महामंत्री नरेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीस खान, प्रदेश सचिव अचल दीप सिंह शामिल रहे ।

### पत्रकारों की अन्य प्रमुख मांगें

» आवासीय योजनाओं का निपटाराः

लंबे समय से लंबित पत्रकारों की आवासीय योजनाओं को पूरा किया जाए.विज्ञापन नीतिः लघु और मंझौले समाचार पत्रों के लिए नियमित विज्ञापन नीति बनाई जाए।

### धरने की गूंज पहुंची सत्ता के गलियारों तक

धरने में उपस्थित पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार से अपील की कि पत्रकार सुरक्षा कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि इस विशाल धरने की गूंज न केवल जयपुर, बल्कि दिल्ली तक सुनाई देगी।₹पत्रकार एकता जिंदाबाद₹ और ₹पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो₹ के नारों के साथ, धरना एक आंदोलन का रूप लेता दिखाई दिया।

### न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ राष्ट्रीय संगठन सहित, अन्य पत्रकार संगठनों ने दिया समर्थन

धरने में न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ राष्ट्रीय संगठन के प्रदेशाध्यक्ष खलील कुरैशी, हिंद ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पंडिता, राजस्थान पत्रकार प्रगति संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम कोरानी, सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, हिंदू समाज एकता महापंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल, और सर्व सिंधी स्वर्ण सभा के अध्यक्ष अशोक हरिराम सोनी जैसे कई संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया।

# वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे आगरा की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन

चमकता राजस्थान



**आगरा संवाददाता** । मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में और अनुभव जैन, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल आगरा की अध्यक्षता में एक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल आगरा व मथुरा और मंडल के सभी प्रभारी निरीक्षक तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान आगरा मंडल की भौगोलिक स्थिति, आपराधिक आंकड़े और उपलब्धियों का गहन अवलोकन किया गया। मंडल में रेलवे सुरक्षा बल को सतर्क रहते हुए रेल और यात्री संपत्ति की सुरक्षा करने और अपराध नियंत्रण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। यह भी बताया गया कि रेलवे अपराधियों और आतंकवादियों का सॉफ्ट टार्गेट है, जहां रेलवे लाइन पर विभिन्न तरीकों से अवरोध उत्पन्न कर यात्रियों की जान-माल और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके मद्देनजर सभी को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। साथ ही यात्रियों को भी अपराध रोकथाम के प्रति जागरूक करने की सलाह दी गई। अवैध वेंडिंग, टिकट दलालों, चैन पुलिंग करने वालों और महिला एवं विकलांग कोचों में अवैध रूप से यात्रा करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। महिला यात्रियों और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के संबंध में भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। यात्री सामान चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ राजकीय रेलवे पुलिस और सिविल पुलिस से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा, आगामी महाकुंभ-2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

### धौलपुर - राजकीय मेडिकल कॉलेज वाइट कोट सेरेमनी का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2024 का वाइट कोट सेरेमनी का आयोजन गुरुवार को प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक कुमार दुबे के निर्देशन में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा छात्र व छात्राओं को वाइट कोट के उत्तरदायित्वों के बारे में बताया गया साथ ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, विभागाध्यक्ष बायो केमिस्ट्री डॉ. माधुरी गुप्ता, विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी डॉ. हेमलता गुप्ता तथा विभागाध्यक्ष ऐनाटोमी डॉ. संतोष कुमार द्वारा छात्र व छात्राओं को वाइट कोट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। छात्र व छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गयीं। डॉ. माधुरी गुप्ता द्वारा सभी छात्र व छात्राओं को चरक शपथ दिलाई गई एवं उसकी महत्वता के बारे में बताया गया। इस मौके पर अनिल कुमार गोयल लेखाधिकारी, ध्रुव सिंह सिकरवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार का लक्ष्य विकसित एवं अग्रणी राजस्थान का निर्माण : संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल



चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 दिसंबर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को पाली जिले की पंचायत समिति रोहट के वीजा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।इस अवसर पर पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य विकसित एवं राजस्थान का निर्माण करना है। इस दिशा में राज्य सरकार ने एक वर्ष में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं।राइजिंग राजस्थान समिट प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी पटेल ने कहा प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास को समर्पित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट होने वाली है। इस समिट से पूर्व सभी विभागों एवं जिलों में इन्वेस्टर मीट में लगभग 21 लाख करोड़ रुपए से अधिक एमओयू साइन हो चुके है। इस आयोजन से प्रदेश भर में निवेश के अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है, जो राजस्थान के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### कृषि एवं किसान कल्याण

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 8 हजार रुपए की गई और राज्य सरकार द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है।

### युवाओं को रोजगार देने के कृत संकल्प प्रदेश सरकार

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार युवाओं रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है। इस दिशा में पांच वर्ष में 10 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही इस वर्ष 1 लाख एवं 5 वर्ष में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।उन्होंने कहा कि वर्षों बाद ड्राइवर एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। इसके लिए भर्ती प्रक्रिया का संपूर्ण कैलेंडर भी जारी किया गया है। पटेल ने कहा जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कर समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र, सैटलाइट एवं जिला अस्पताल बनाए गए है। साथ ही मार्च 2025 तक चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52000 कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया, दिए आवश्यक निर्देश




**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के मार्गदर्शन में आज, 07 दिसंबर 2024 को रेखा यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर द्वारा हाउसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेखा यादव ने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं आदि का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोईघर, शौचालय, स्नान गृह आदि का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर रेखा यादव ने वृद्धाश्रम के स्टाफ को वृद्धजनों को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि वरिष्ठ नागरिकों को हर संभव सहायता और देखभाल मिल रही हो, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके और उन्हें कोई भी असुविधा न हो।

### ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा को बढ़ाने का दिलाया संकल्प



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव कटारा के स्व. श्री सुखराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका शुभारम्भ ग्राम पंचायत सरपंच मिथलेश राजू सिंह व प्रधानाचार्य गौरीशंकर ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। बाद में महिला सरपंच ने सभ्य समाज के निर्माण के लिए महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने का आह्वान करते हुए बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित होने व समाज की कुरीतियों को दूर करने में योगदान देने को कहा। बाद में महिला सरपंच ने शैक्षणिक सहित अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बालिकाओं को स्मृति चिंह से पुरुस्कृत करते हुए उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में अशोक शर्मा, पूनम चतुर्वेदी, नन्दमोहन शर्मा, राहुल सिंह, हरिओम फौजदार, लेखराज सिंह, शीशराम पटेल आदि मौजूद रहे।

# अजमेर के विकसित होने की शुरूआत, शीघ्र होगा अग्रणी शहरों की कतार में: विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 दिसम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार के पहले बजट में अजमेर जिले को सैकड़ों करोड़ रूपए के विकास कार्यो की सौगातें मिली है। अजमेर के विकसित होने की शुरूआत हो गई है।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को वार्ड 79 जम्भेश्वर नगर में सड़क विकास कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अजमेर में तीन रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। भूमि आवंटन भी किया गया है। बीसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इण्टेक वेल भी बनाया जाएगा। इससे अजमेर को 7 टीएमसी तक पानी उपलब्ध होगा। ईआरसीपी परियोजना से फॉयसागर को जोड़ने से हमेशा पानी भरा रहेगा। जलदाय विभाग के पम्पिग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूत्रि क लिए अतिरिक्त फिडर से जोड़ने के लिए भी पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है।उन्होंने कहा कि अजमेर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्ला-ॅक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाईट चिकित्सालय बन रहा हैविधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। चामुण्डा माता मन्दिर तक रोप वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रीक बसें चलाई जाएगी। इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास की गति अनवरत बनी रहेगी।इस अवसर पार्षद स्थानीय जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

- **संविधान निर्माता व गरीबों के मसीहा थे बाबा साहेबः एमके वर्मा व रतनराजोरा**

चमकता राजस्थान



**फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित डॉ. अंबेडकर सर्किल पर, भीमराव अंबेडकर वेलफेयर मेमोरियल सोसाइटी एवं अंबेडकर मंडल संस्था फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी का 68 वां परिनिर्वाण दिवस संस्थाओं के अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा व परसराम भधाला के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा, एम के वर्मा पार्षद सरवनवर्मा जितेंद्र वर्मा राजकुमार सैनी भंवरलाल सांभरिया हनुमान कटारिया गणपत हटवाल रूपचंदउज्जैनिया गोपाल डेनवाल शेखर डेनवाल लक्ष्मीकांत वर्मा प्रमोद मीणा प्रदीप बिरला सुरेश वर्मा सहित उपस्थित लोगों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर एमकेवर्मा रतन राजोरा सहित वक्ताओं ने भारत रत्न से अलंकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह गरीबों एवं पिछड़ों के मसीहा थे तथा देश के हर नागरिक के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया, गौरतलब है कि उनकी मांगे नहीं माने जाने पर उन्होंने देश के प्रथम कानून मंत्री पद से इस्तीफा तक दे दिया, वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के बताएं मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर सैनी समाज रेल कर्मी करेंगे पुण्य कार्य



## 9 दिसंबर को कुष्ठ रोगियों को देंगे दूध नाश्ता

चमकता राजस्थान

फुलेरा (दामोदर कुमावत) सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की ओर से राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर कुष्ठ रोगियों को दूध व ब्रेड का नाश्ता करवाएंगे। सैनी समाज रेल शाखा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सैनी, महामंत्री मातुराम सैनी व सरक्षक के एल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन 9 दिसंबर को ढेहर का बालाजी स्थित इंदिरा कुष्ठ आश्रम पर रह रहे 300 जरूरतमंदों को प्रातः 8:00 बजे दूध ब्रेड का नाश्ता करवा कर मंत्री जी का 43वां जन्मदिन मनाया जाएगा।

### डॉ. शुभांगनी शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



**चमकता राजस्थान/ जयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की ओर से डॉ. शुभांगनी शर्मा को ₹जल भराव के कारण पौधों पर होने वाले प्रभावों का गहन अध्ययन₹ विषय में शोध कार्य पूर्ण होने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई डॉ. शुभांगनी ने अपना शोध कार्य डॉ.विनीत सोनी के निर्देशन में किया !



» **चमकता राजस्थान/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शनिवार को जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधायकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों ने स्वागत किया

# साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगा

## मूल्य बैंड 1 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 522 से 549 तक तय किया गया है (''इक्विटी शेयर'')

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड (साई लाइफ या कंपनी), बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों (ऑफ़र) के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोली/ऑफ़र अवधि खोलने का प्रस्ताव करती है।

इस ऑफ़र में कंपनी द्वारा 9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इशयू (ताज़ा इशयू) और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों (बिक्री करने वाले शेयरधारक) द्वारा 38,116,934 इक्विटी शेयरों (बिक्री के लिए ऑफ़र) की बिक्री की पेशकश शामिल है। (कुल ऑफ़र आकार)

कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसकी अनुमानित राशि 7,200 मिलियन है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग की जाएगी। (''प्रस्ताव के उद्देश्य'')

बिक्री के लिए प्रस्ताव में साई क्वेस्ट सिं प्राइवेट लिमिटेड (₹प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक₹) द्वारा 6,454,780 इक्विटी शेयर, टीपीजी एशिया ₹क्कएसएफ पीट-ई लिमिटेड द्वारा 23,159,368 इक्विटी शेयर, एचबीएम प्राइवेट इक्विटी इंडिया (सामूहिक रूप से, ₹निवेशक विक्रय शेयरधारक₹) द्वारा 6,210,186 इक्विटी शेयर और भारती श्रीवारी द्वारा 650,000 इक्विटी शेयर, अनीता रुद्रराजू नंद्याला द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, राजू पेनमस्ता द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, डॉ. डर्क वाल्टर सार्टोर द्वारा 250,000 इक्विटी शेयर, जगदीश विश्वनाथ डोरे द्वारा 245,100 इक्विटी शेयर, राजगोपाल श्रीराम तत्ता द्वारा 62,500 इक्विटी शेयर तक, के पांडु रंगा राजू द्वारा 80,000 इक्विटी शेयर तक और वेंकट नरसिम्हा शास्त्री रेंडुचिंतला द्वारा 5,000 इक्विटी शेयर तक। (सामूहिक रूप से, ''अन्य विक्रय शेयरधारक'')

- **बोली/प्रस्ताव बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली तिथि मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और बंद होगी।**
- **न्यूनतम 27 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 27 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं।**
- **मूल्य बैंड विज्ञापन लिंक:**

एंकर निवेशक बोली/प्रस्ताव अवधि मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और बंद होगी। बोली/प्रस्ताव अवधि बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को सदस्यता के लिए खुलेगी और शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगी। (बोली विवरण)

प्रस्ताव का मूल्य बैंड 522 से 549 प्रति इक्विटी शेयर (मूल्य बैंड) तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम ... इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद ... इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती हैं। (बोली लॉट)।

यह इक्विटी शेयर हैदराबाद में तेलंगाना के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल 5 दिसंबर, 2024 की तारीख वाले कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं। (''आरओसी'')

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (''बीएसई'') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (''एनएसई'' बीएसई के साथ मिलकर, ''स्टॉक एक्सचेंज'') के स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है। (''लिस्टिंग विवरण'')

कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं (बीआरएलएम)।

इसमें इस्तेमाल किए गए लेकिन परिभाषित नहीं किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्दों का वही अर्थ होगा जो आरएचपी में उन्हें दिया गया है।

यह ऑफर, सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) रूल्स, 1957 के नियम 19(2) (बी) के अनुसार, संशोधित (एससीआरआर) सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ और सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुपालन में बुक बिल्डिग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें ऑफर का 50% से अधिक हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा हिस्सा, क्यूआईबी हिस्सा) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियमनों (₹एंकर निवेशक हिस्सा₹) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60% तक आवंटित कर सकती है, जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा एंकर निवेशक हिस्से में कम-सब्सक्रिप्शन, या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को शेष क्यूआईबी हिस्से (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से को छोड़कर) का 5% हिस्सा आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें म्यूचुअल फंड भी शामिल हैं, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। हालांकि, अगर म्यूचुअल फंड से कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5% से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा, प्रस्ताव का कम से कम 15% हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें से (ए) एक तिहाई 200,000 से अधिक और 1,000,000 तक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा; और (बी) दो तिहाई 1,000,000 से अधिक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि ऐसी किसी भी उप-श्रेणी में सदस्यता समाप्त हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं की अन्य उप-श्रेणी में आवेदकों को आवंटित किया जा सकता है, और प्रस्ताव का कम से कम 35% सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं (आरआईबी) को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, जो प्रस्ताव मूल्य पर या इससे ऊपर प्राप्त वैध बोलियों के अधीन है। सभी संभावित बोलीदाताओं (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को अनिवार्य रूप से ब्लॉक्ड अमाउंट द्वारा समर्थित आवेदन (''ASBA'') प्रक्रिया का उपयोग करना होगा, जिसमें उनके संबंधित अरइअ खातों का विवरण और वढक बोलीदाताओं के मामले में UPI ID, यदि लागू हो, प्रदान करना होगा, जिसमें संबंधित बोली राशि को वढकतंत्र के तहत रउरइ या प्रायोजक बैंकों द्वारा अवरुद्ध कर दिया जाएगा, जैसा भी लागू हो, प्रस्ताव में भाग लेने के लिए। एंकर निवेशकों को ASBA प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्ताव में भाग लेने की अनुमति नहीं है। विवरण के लिए, RHP के पृष्ठ 393 से शुरू होने वाली ''ऑफ़र प्रक्रिया'' देखें।

# संक्षिप्त खबरें

## भारत के प्रवासी मजदूरों पर बांग्लादेश का साया मालदा, मुर्शिदाबाद के लोग प्रभावित

**कोलकाता।** मालदा-मुर्शिदाबाद के प्रवासी मजदूरों पर बांग्लादेश का साया। राज्य के प्रवासी श्रमिकों को दूसरे राज्यों में जाने पर प्रताड़ना और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। मालदा उत्तर के सांसद ईशा खान चौधरी सवाल पूछने का समय नहीं मिलने से नाराज हैं। इस दिन उन्होंने कहा, मालदा, मुर्शिदाबाद क्षेत्र से अनगिनत प्रवासी श्रमिक विभिन्न व्यवसायों की तलाश में उत्तर प्रदेश, ओडिशा जैसे राज्यों में जा रहे हैं। और वहां उन्हें बांग्लादेशी बताया जा रहा है। उन्हें परेशान किया जा रहा है। प्रवासी मजदूरों की शिकायत है कि पुलिस सहयोग नहीं कर रही है।

## नालन्दा में स्टिंग रेंज प्रतियोगिता संपन्न

**नालन्दा।** नालन्दा जिलान्तर्गत कल्याण विगहा स्टिंग रेंज कार्यालय में 26वां ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप का समापन शनिवार को हुआ। हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा इंडोर शूटिंग रेंज में मेंडल सेरिमनी कर प्राइज डिसटीब्यूशन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के निशानेबाजों ने एक से छः दिसंबर तक 10 मीटर एयर पिस्टल व राइफल में निशाना साधा।चार से छः दिसंबर तक 10 मीटर एयर राइफल की प्रतियोगिता हुई। इसमे एनआर व आईएसएफएफ निशानेबाज थे। वहीं बिहार राज्य की दिव्या श्री ने 177 पीप साईट एयर राइफल यूथ वुमेन्स( आईएसएफएफ) में सिल्वर मेडल लायी। टीम में बिहार ने 177 पीप साईट एयर राइफल यूथ मेन्स( एनआर)में 1139 स्कोर में सिल्वर मेडल लाया है। इसमें गौरव , विवेक व विराज शामिल हैं।अतिथियों ने निशानेबाजों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसी में गुजरात को भी सिल्वर मिला है। मौके पर विधायक चेतन आनंद , एमएलसी संजय सिंह ,शूटिंग रेंज के प्रभारी उमेश पासवान , ऑर्गनाइजर सेक्रेटरी कौशल नौगरैया , प्रबंधक सह बीएसआरए के सचिव कुमार त्रिपुरारी सिंह ,मुख्य निर्णायक सह बीएसआरए के उपाध्यक्ष गया प्रसाद ,मुख्य रेज अधिकारी रितु राज भगवती , रेंज अधिकारी प्रियांशी गुप्ता , ओम प्रकाश पुष्पकर व मातीशतकनीकी विशेषज्ञ अंजन सिंह व स्वीस ऑपरेटर अशोक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## सनातन संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सहरसा।** बांग्लादेश में हिन्दू पर हो रहे आक्रमण के विरुद्ध सनातन संघर्ष समिति द्वारा जिला परिषद परिसर मे आम सभा आयोजित कर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा गया।विजय वसंत के संचालन एवं महर्षि मेंही दास आश्रम के संत देवव्रत बाबा,स्वामी ज्ञानेन्द्र जी महाराज,शिव शिष्य परमेश्वर राय,प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप प्रताप सिंह एवं लक्ष्मीनाथ गोसाई कालेज के सचिव उमाशंकर खां के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महत्ती आमसभा को संबोधित किया गया। उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्ती लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय जाकर प्रभारी डीएम को ज्ञापन सौंपा,जिसमें बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद करने,इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करने की मांग की गई।साथ ही बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट आगजनी तथा महिलाओ पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यत चिंताजनक बताते हुए आम नागरिकों के द्वारा तीव्र भर्त्सना की गई। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसिया इसे रोकने के जगह केवल मूकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दूओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है।

## सुरक्षित शनिवार को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर।** जिले में जगदीशपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय तरडीहा के प्रांगण में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम तथा विभिन्न बैठकों का आयोजन हुआ। चेतना सत्र के बाद फोकल शिक्षक इंद्रमा चौहान के द्वारा बच्चों को निमोनिया, चेचक, आंख एवं त्वचा संक्रमण से खतरे तथा इसके बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों के द्वारा पीटी किया गया। तत्पश्चात मध्याह्न भोजन के बाद शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें बहुत से अभिभावक शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार भारती द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपार आईडी तथा बच्चों की उपस्थिति में कमी पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय में जल की कमी होने पर भी चर्चा की गई। इसी बैठक में विज्ञान शिक्षिका सीनी रुखसार के द्वारा अभिभावकों को पीबीएल कार्यक्रम से अवगत कराया गया। साथ ही विद्यालय अध्यापक दिवाकर हार, वरीय शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह तथा शिक्षिका सुजाता सिंह के द्वारा भी अभिभावकों को संबोधित किया गया। नामित शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह के दिशा निर्देश में बाल संसद, नामित शिक्षिका सुजाता सिंह के दिशा निर्देश में मीना मंच, नामित शिक्षक दिवाकर हार के दिशा निर्देश में पीयर लर्निंग तथा नामित शिक्षक अमित कुमार पांडे के दिशा निर्देश में इको एवं यूथ क्लब की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधानाध्यापक के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी शामिल थे।

# बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान करें : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किया और देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों की कुर्बानियां अमर हैं। वे अपनी जान के मूल्य पर राष्ट्र पर आये बाह्य एवं आंतरिक संकटों का मुकाबला बहादुरी के साथ करते हैं। इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये उन्होंने राज्यवासियों से बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किये जाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आपका यह अंशदान बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता होगी।



सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने सरकार से बिहार निवासी सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को दी जाने वाली सम्मान राशि एवं अनुग्रह अनुदान राशि में की गयी बढ़ोत्तरी के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। बिहार सरकार ने बिहार निवासी सैनिकों/पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अनुग्रह अनुदान की राशि को 11 लाख रुपये से बढ़ाकर 21 लाख रुपये कर दिया गया है। सशस्त्र सेना की सैन्य सेवा से विमुक्त दिव्यांग सैनिकों के लिए अनुग्रह अनुदान की राशि को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही बिहार निवासी शौर्य पुरस्कार विजेताओं को दी जाने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है।

## जगन्नाथ मंदिर के काम का निरीक्षण करने के अलावा प्रशासनिक बैठक भी करेंगी सीएम

संवाददाता



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दीघा जा रही हैं। बताया जाता है कि वह वहां जगन्नाथ मंदिर के काम के अंतिम चरण का निरीक्षण करने के अलावा एक प्रशासनिक बैठक भी करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री 10 दिसंबर को दीघा जायेंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर पूर्वी मेदिनीपुर में प्रशासनिक गतिविधि चरम पर है। इस संबंध में प्रशासनिक बैठक हुई। प्रशासन के एक सूत्र के मुताबिक मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दीघा जा रहे हैं। रविवार को हेलीकॉप्टर का परीक्षण किया जाएगा। दूसरी ओर, जगन्नाथ मंदिर के आसपास आकर्षण अधिक है। दीघा चैतन्य द्वार या मासी का घर यानी पुराना जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हालांकि इस मंदिर का उद्घाटन 2025 के मध्य में होना है, लेकिन संबंधित ठेकेदार कंपनी ने काम के लिए कुछ समय मांगा है। पता चला है कि मंदिर के अलावा भोग गृह, आश्रय कुठी और अन्य पहलुओं को दुरुस्त करने में समय लग रहा है। स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है कि इस मंदिर का उद्घाटन कब होगा? बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री की जांच के बाद प्रशासन और निर्माण कंपनी के बीच बैठक कर मामला सुलझा लिया जायेगा। इस बीच, मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी विवाद से बचने के लिए प्रशासन की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। माइकिंग से घोषणा की जाती है कि जहां-तहां कूड़ा-कचरा नहीं छोड़ा जा सकेगा और न ही गाय छोड़ी जा सकेगी।

# टाटा स्टील वर्ल्ड 25किमी में 10किमी दौड़ का नेतृत्व महिला पेसर्स की टीम करेगी

संवाददाता

**कोलकाता।** कोई यह पूछ सकता है कि एक दादी, एक कॉलेज प्रोफेसर, सूडान में यूएनपीकेएफ के हिस्से के रूप में सेवा करने वाले एक अधिकारी, एक नौसेना अधिकारी, कुछ हेलीकॉप्टर पायलट, नागालैंड के एक ग्रामीण विकास अधिकारी और एक साहसिक प्रेमी में क्या समानता है। वे सभी और 20 अन्य रविवार, 15 दिसंबर को प्रोकैम इंटरनेशनल द्वारा प्रमोट की जाने वाली दुनिया की पहली वर्ल्ड एथलेटिक गोल्ड लेबल रेस 25 रोड रोड में भाग लेंगे, 25 और ओपन 10 इवेंट के लिए पेससेटर के रूप में। 25ङ के लिए, 17 पुरुष और एक महिला धावकों को गति प्रदान करेंगे, जबकि ओपन 10ङ में, 9 महिला पेसर प्रतिभागियों को उनके लक्ष्य समय को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन करेंगी।



उल्लेखनीय रूप से, भारतीय सेना की वायु शाखा के एक जोड़े, अनुज कुमार और आकांक्षा कुमार, जो दोनों ही हेलीकॉप्टर पायलट हैं, 25 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेंगे। वे क्रमशः 1:58 और 3:00 घंटे की गति वाली बस का नेतृत्व करेंगे, जिससे धावकों को प्रेरणा और समर्थन मिलेगा। 53 वर्षीय विशेष आवश्यकता वाली शिक्षिका और दादी अरुणा भास्कर 75 मिनट की दौड़ का नेतृत्व करेंगी, जबकि दार्जिलिंग की सुरम्य पहाड़ियों से आने वाली सहायक प्रोफेसर एलिना गोपेरमा 55 मिनट की दौड़ का नेतृत्व करेंगी। इनके अलावा, सुधीर दरयान, जो एक जैतूनी हरे रंग के वस्त्र पहने हैं और जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति सेना (यूएनपीकेएफ) के एक भाग के रूप में दक्षिण सूडान में विदेशी कार्य के दौरान काम किया है, वे 2:30 घंटे की गति निर्धारित करेंगे तथा विजय भास्कर, जो नागालैंड में ग्रामीण विकास अधिकारी हैं और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ भविष्य लाना चाहते हैं, वे 2:45 घंटे की गति निर्धारित करेंगे। इस क्षेत्र में विविधता है, लेकिन साहसिक गतिविधियों के शौकीन विक्रम छिब्बर और बोस्टन क्वालीफायर मैराथन धावक रेणु मठपाल भी गति निर्धारित करेंगे। प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने कहा, ₹पेसिंग एक निस्वार्थ कार्य है और यह देखना सराहनीय है कि हमारी महिला पेसरों के साथ-साथ हमारे अधिकारी भी अपने साथी धावकों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं। ओपन 10ङ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की तरह ही विभिन्न प्रकार के पेसरों के साथ, यह दौड़ अभिजात वर्ग से लेकर शौकिया तक सभी के लिए एक आकर्षण का केन्द्र होने का वादा करती है।

# नौकरी के नाम पर लाखों रुपए ठगी करने वाला तीन अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा।** नवादा पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल व साइबर पुलिस पोर्टल पर मिल रही शिकायतों पर तकनीकी साक्ष्य के अनुसार कार्रवाई की। जानकारी अनुसार डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मुड़लाचक व दरियापुर गांव में छापेमारी की।




10 मोबाइल, तीन एटीएम, लैपटॉप बरामद

इस दौरान तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल पर लोगों से ठगी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद गठित टीम ने छापेमारी करते हुए तीन जालसाजों को धर दबोचा। छापेमारी के दौरान उन अपराधियों के पास से 10 मोबाइल, तीन एटीएम, एक लैपटॉप व एक बाइक बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि इस बाबत साइबर थाना में कांड संख्या 67/24 दर्ज कर ली गई है।

सरकारी नौकरियों के नाम पर भी ठगी

इस गिरोह द्वारा सरकारी नौकरियों के नाम पर भी ठगी की जा रही थी। आईसीडीएस महिला सुपरवाइजर परीक्षा में फेल अभ्यर्थियों को प्रलोभन दिया करते थे और कहा जाता था कि कुछ अंक से सेलेक्शन नहीं हो पाया है। अगर वह कुछ पैसा देते हैं तो आवेदन को स्वीकार किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर पहले कुछ पैसे की मांग की जाती थी। फिर कागजात के सत्यापन, वरीय अधिकारियों को रुपये देने तथा ज्वाईनिंग डिपार्टमेंट आदि के नाम पर लाखों रुपये ठग लिये जाते थे। एसपी के मुताबिक, रोहतास की एक महिला से 2 नवंबर से अबतक 1 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई। उस महिला से पहली बार में सात हजार, दूसरी बार में 58 हजार और तीसरी बार में 1 लाख 15 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। इसके बाद भी डेढ़ लाख रुपये और मांगे जा रहे थे।

## एनजेपी स्टेशन पर भाजपा का सदस्यता अभियान

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सदस्यता के लिए देशभर में अमृत भारत स्टेशनों का चयन कर सदस्यता भर्ती कार्यक्रम शुरू किया है। इसी कड़ी में शनिवार को भाजपा छह नंबर मंडल कमेटी और सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला युवा मोर्चा के सदस्यों ने एनजीपी स्टेशन पर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन पर पहुंचे कई यात्रियों ने सदस्यता ली। जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष अरिजीत दास ने कहा कि भाजपा 15 दिसंबर तक अमृत भारत स्टेशनों पर यह सदस्यता कार्यक्रम चलाएगी। उसी के तहत एनजेपी स्टेशन पर आज सदस्यता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि कई यात्री और आम लोग भाजपा के इस अभियान से जुड़े और सदस्यता ग्रहण किए।

## मेट्रो परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक



एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर में मेट्रो परियोजना को लेकर कवायद शुरू हो चुकी है। राइट्स लिमिटेड की मेट्रो अलायनमेंट टीम के साथ शनिवार को भागलपुर में एक समीक्षा बैठक की गई।

बिहार सरकार कैबिनेट की ओर से भागलपुर में मेट्रो परियोजना की मंजूरी के बाद मेट्रो अलायनमेंट की टीम ने भागलपुर में मेट्रो परिचालन को लेकर मोबिलिटी प्लान और अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट तैयार की है। इसके साथ ही शुरूआत से अंतिम छोर तक कि सर्वे भी तैयार की। आज राइट्स लिमिटेड की मेट्रो अलायनमेंट टीम ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रजेंटेशन सौंपा साथ ही मेट्रो रुट का प्लान बताया। इसके साथ ही मेट्रो परियोजना में होने वाली परेशानियों के बारे में भी बताया। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण कई जगहों पर हो रही परेशानियों को मुख्य रूप से रखा गया। जमीन अधिग्रहण पर भी बातें कही गई है। मेट्रो जमीन के ऊपर चलेगी या जमीन के नीचे इसको लेकर पहले फैसला आएगा। समीक्षा बैठक में एमएलसी संजीव सिंह, मेयर वसुंधरा लाल नगर आयुक्त प्रीति कुमारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि चंपानगर से सबौर तक मेट्रो चलाने की तैयारी की जा रही है।

इससे लोगों की काफी फायदा होगा। इधर जिलाधिकारी ने कहा कि मेट्रो परिचालन एलिवेटेड रहती है तो खर्च कम होंगे। हालांकि इसपर बिहार सरकार मुहर लगाएगी। आज प्रेजेंटेशन को हमने देखा है। मेयर डॉ वसुंधरा लाल ने बताया कि पहले फेज में सबौर से चंपानगर और दूसरे फेज में स्टेशन से जगदीशपुर तक मेट्रो परिचालन की संभावना है। हमलोग रिपोर्ट देंगे अब उसके बाद 6 महीने में कार्य शुरू हो जाएगा।

# आलू नहीं दोगे तो सब्जी नहीं लेंगे, झारखंड के लोगों ने की सीमा पर नाकाबंदी

संवाददाता

**कोलकाता।** भिन्न राज्य में आलू निर्यात पर रोक के कारण झारखंड में आलू की कीमतें बढ़ गयी हैं। ऐसे में झाडखंड के सीमावर्ती गांवों के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया कि अगर आलू नहीं भेजा गया तो वे सब्जी की गाड़ियों को घुसने नहीं देंगे। शुक्रवार की सुबह पुरुलिया की डुआर्सिनी सीमा से होकर झाडखंड जा रही सब्जियों से लदी एक ट्रक को रोककर उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी देर बाद दोनों राज्यों की पुलिस के आश्वासन पर अबरोध हटाया गया। झाडखंड पश्चिम बंगाल के आलू पर निर्भर है। राज्य में सख्ती लागू होने के कारण वहां के बाजारों में आलू की कीमत 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गयी है। ऐसे में उन्होंने झारखंड के सीमावर्ती इलाके बंगाल के बाजार से कम कीमत पर आलू खरीदकर सब्जी की जरूरतों को पूरा करने की सोची। आरोप है कि



राज्य पुलिस बाधा दे रही है। सीमा पार करते ही पुलिस रोक लेती है। इस बीच, झाडखंड के पुरुलिया के पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमकाकोचा, नरसिंहपुर और आसपास के कई गांवों की सीमा से लगे पुरुलिया के बंदवान लैगून के लोगों को रोजाना पुरुलिया के डुआर्सिनी और कुचिया बाजारों में जाना पड़ता है। हाल ही में झाडखंड में आलू की कीमतों में असामान्य वृद्धि के कारण उन बाजारों पर उनकी निर्भरता बढ़ गयी है। लेकिन बॉर्डर पार करते समय जब उन्हें बोरे या बैग में आलू दिखता है तो डुआर्सिनी चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी उन्हें रोक देते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को डुआर्सिनी बॉर्डर पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि पहले की सख्ती में ढील देकर आलू को जल्द झारखंड भेजा जाए। बाद में सीमा पर तैनात दोनों राज्यों की पुलिस ने घेराबंदी करने वालों की समस्या का समाधान करने का वादा किया तो घेराबंदी हटा ली। डुमकाकोचा इलाके के निवासी बीरेन सिंह ने कहा, हालांकि हम झाडखंड के निवासी हैं, हमारा निकटतम बाजार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में है। हमारे पूर्वजों के समय से, हम मांग को पूरा करने के लिए पुरुलिया जिले के कुचिया और डुआर्सिनी बाजारों से सब्जियां खरीदते हैं।

# अशांति रोकने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर जीरो लाइन पर बीएसएफ

संवाददाता

**कोलकाता।** बीएसएफ ने सीमा पार अशांति पर नजर रखने और किसानों की सुविधा के लिए जवानों को सीमा की जीरो लाइन के पास भेजा है। शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर रानीनगर के राजानगर सीमा की जीरो लाइन पर जवान पहुंच गये। इसकी घोषणा बीएसएफ के डीआइजी अनिल कुमार सिंह ने राजानगर में मरा पद्मनदी के तट पर 'बीएसएफ किसान सहयोग उत्सव' नामक एक समारोह में की। उनके शब्दों में, सीमावर्ती किसानों के लाभ के लिए बीएसएफ को जीरो लाइन पर भेजा गया है।



हालाँकि, बीएसएफ ने सीमा पर उस क्षेत्र में निगरानी नहीं की? उत्तरी निगरानी जारी रही, लेकिन अब तक बीएसएफ चौकी भारत-बांग्लादेश सीमा के काफी अंदर थी। परिणामस्वरूप, किसानों को खेतों में प्रवेश करने के लिए पहचान पत्र दिखाना पड़ता था। नतीजा यह हुआ कि इसमें काफी समय लग गया। कई गलतफहमियां थीं। डीआइजी ने कहा कि लंबे समय तक इसे रोकने के प्रयास के बाद बीएसएफ को जीरो लाइन पर भेजा गया। किसानों की समस्याओं का समाधान क्या? या फिर ये फैसला बांग्लादेश के हालिया हालात की वजह से है? जवाब में बीएसएफ के डीआइजी ने कहा, "कहा जा सकता है कि यह भी एक कारण है।" बांग्लादेश की ताजा स्थिति में बीएसएफ को यह भी देखना चाहिए कि खुली सीमा के कारण वहां के पीड़ित लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश न कर सकें। उन्होंने इस बात को स्वीकार भी किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि सीमा पर बांग्लादेशी अपराधियों का उत्पीड़न एक बड़ा मुद्दा है।

उनके मुताबिक, सिर्फ राजानगर बॉर्डर ही नहीं, बल्कि मुर्शिदाबाद जिले में ऐसे कई इलाके हैं जहां बीएसएफ की चौकियां बीएसएफ जीरो पॉइंट से लेकर भारतीय गांवों के काफी अंदर तक स्थित थीं। कथित तौर पर बांग्लादेशी बदमाशों ने इस मौके का फायदा उठाकर जमीन की फसल काट ली। अगर किसानों ने विरोध किया तो अराजकता फैल जाएगी। उन सभी स्थितियों से निपटने के साथ-साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बीएसएफ की 149, 73 और 146 बटालियन के जवानों को फरक्का से जिले के जालंगीर सरकार पड़ा तक 122 किलोमीटर क्षेत्र की मुक्त सीमा पर जीरो लाइन पर भेजा गया है। राजानगर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के मंच से बीएसएफ के डीआइजी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रधानों और किसानों से कहा, "हमने जवानों को जीरो लाइन पर भेज दिया है। मैदान में जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन इसके साथ आपको सैनिकों का सहयोग भी करना होगा। यदि कोई तस्कर प्रवेश करता है या कोई पार करने की कोशिश करता है तो बीएसएफ को सूचित किया जाना चाहिए और सहयोग किया जाना चाहिए।

जीरो लाइन पर भेजने के लिए बीएसएफ पहले से ही स्थायी और अस्थायी तौर पर वहां कैंप कर चुकी है। हर सौ से डेढ़ सौ मीटर पर चौकी बनाई गई है। शुक्रवार से जीरो लाइन के पास जमा होने से किसान बेहद खुश हैं। एक किसान खालिद शेख ने कहा, "मैं बीएसएफ के जीरो लाइन पर जाने के फायदों के बारे में नहीं बता सकता। आप कह सकते हैं कि हम अब तक स्वतंत्र हो चुके हैं।ह्व समारोह में बीएसएफ के डीआइजी समेत किसान, सीमावर्ती क्षेत्र के कई मुखिया, जिला परिषद सदस्य, डोमकोल एसडीओ शुभंकर बाला, एसडीपीओ शुभंकर बजाज समेत कई लोग मौजूद थे।

## धान का उत्पादन बढ़ाने के लिए मानसून में भी अब मिनीकिट की खेती की जायेगी

संवाददाता

**कोलकाता।** मानसून के दौरान अन्य चावल की खेती की जाती है, लेकिन मिनीकिट चावल की खेती लगभग नहीं की जाती है। अगर कुछ स्थानों पर इसकी खेती की भी जाए तो बीमारी और कीड़ों की समस्या से किसानों को काफी हद तक झेलना पढ़ता है। परिणामस्वरूप, किसानों ने मानसून में मिनीकिट खेती में रुचि नहीं रखी। तेलंगाना की बीज अनुसंधान और विनिर्माण कंपनी नुजिवीडु सीड्स ने मानसून सीजन के दौरान मिनीकिट धान की खेती की पहल की है। उनके प्रयासों से पश्चिम बंगाल के कई जिलों में उच्च उपज वाले 'वर्षा मिनिकिट सतानवे छिहत्तर' चावल की खेती में सफलता मिल चुकी है। 'वर्षा मिनिकिट सतानवे छिहत्तर' अनुसंधान बीज एकमात्र मिनीकिट है जो मानसून के मौसम में विश्वसनीय रूप से खेती की जा सकती है। किसानों का मानना है कि इस मिनीकिट से चावल उत्पादन में कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी.

इसी सिलसिले में पश्चिम मेदिनीपुर के जमीरा गांव, ब्लॉक खड़गपुर 2, में इस मिनीकिट धान की खेती की सफलता पर एक मेगा सेलिब्रिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रसिद्ध संगीत कलाकार श्री उत्तम दास बाउल ने अपने गीत के माध्यम से इस वर्षा मिनिकिट खेती की सफलता और बीजों की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला है। संस्था के मुताबिक इस मिनीकिट की खेती मानसून में की जा सकती है. अधिक उपज देने वाली धान, 130-135 दिनों में फसल तैयार।यह अन्य चावलों की तुलना में अधिक स्वादिष्ट होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रासकंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए एथलिटों का हुआ चयन



**लखनऊ।** ठंड भी एथेलिटों के हौसले को ठंडा नहीं कर सकी। जिला स्तरीय एथेलिट चयन प्रक्रिया में विभिन्न आयु वर्गो के एथलिटों ने गर्मजोशी के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। देश और प्रदेश का नाम रोशन करने का जज्बा दिल में लिये ये खिलाड़ी ट्रायल में अपनी बारी की बेसब्री से प्रतीक्षा करते दिखाई पड़े। शनिवार को चयनित की गई लखनऊ एथलेटिक्स टीम आगामी 15 दिसंबर को 59वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। चयन ट्रायल के बाद लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने लखनऊ टीम घोषित की और चयनित खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। अंडर-16 आयु वर्ग में बालक वर्ग में कृष्णा, शुभम यादव, प्रबल कुमार का चयन हुआ।बालिका वर्ग में रेजीना, पायल, रचना मौर्या ने क्वालिफाई किया। वहीं अंडर- 18 आयु वर्ग में बालक वर्ग सौरव कुमार, अब्दुल मुकेश, सिद्धार्थ सेन और बालिका वर्ग में प्रीति यादव, सियोन बारला, सुष्मिता यादव का चयन हुआ।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और मोहन बागान सुपर जायंट के बीच होगा रोमांचक मुकाबला



**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट रविवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के लिए यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में उतरेंगे, तो हाईलैंडर्स अपनी हालिया घरेलू फॉर्म का लाभ उठाकर जीत पाना चाहेंगे, जबकि मैरिनर्स अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेंगे। मोहन बागान सुपर जायंट नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 10 मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और तीन हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। नॉर्थईस्ट ने पिछले छह मैचों में से चार जीत दर्ज की हैं। उन्होंने अपने पिछले दो घरेलू मैचों में आठ गोल किए। नॉर्थईस्ट ने इस सीजन में ओपन प्ले से 18 गोल किए हैं, जो लीग में सबसे ज्यादा हैं। मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपने पिछले तीन आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में कम से कम तीन गोल किए हैं। मोहन बागान हर रक्षात्मक कार्रवाई (पीपीडीए) के दौरान अपने विरोधियों को केवल 10.9 पास लेने देते हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा कि उनकी टीम मैरिनर्स की ताकत से अच्छी तरह वाकिफ है।

### यश मुंबई ईगल्स शीर्ष पर पहुंची, हैदराबाद स्ट्राइकर्स दूसरे स्थान पर



**मुंबई।** मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में चल रहे टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 6 में शुक्रवार को चेन्नई स्मैशर्स के खिलाफ क्लीन स्वीप करने के बाद यश मुंबई ईगल्स तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।
क्वालीफिकेशन स्पॉट के लिए लड़ाई तेज होने के साथ, बंगाल विजाड्र्स और गुजरात पैंथर्स के बीच पहले गेम में मुकाबला हुआ। दिन की शुरुआत एकातेरिना काज़ियोनोवा और कामिला राखीमोवा के बीच रोमांचक मैच से हुई, जिसमें महिला एकल वर्ग में कामिला राखीमोवा ने 13-12 से जीत हासिल की। सुमित नागल ने पुरुष एकल वर्ग में निकी पूनाचा को 16-9 के स्कोर से हराया। मिश्रित युगल वर्ग में, कामिला राखीमोवा और श्रीराम बालाजी की बंगाल विजाड्र्स जोड़ी ने एकातेरिना काजियोनोवा और सिद्धांत बंथिया के खिलाफ 15-10 से जीत हासिल की।

# एडिलेड: भारतीय टीम ने 128 रन पर खोए 5 विकेट

**एडिलेड। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने यहां भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 157 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में केवल 128 रनों पर भारतीय टीम के 5 विकेट गिराकर मेहमान टीम को बेकफुट पर धकेल दिया है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने अपनी दूसरी पारी में 128 रनों पर 5 विकेट खो दिये हैं। ऋषभ पंत 28 और नीतीश रेड्डी 15 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर पर 29 रन पीछे है। भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए थे, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 157 रन की बढ़त हासिल की थी।



केएल राहुल 12 के कुल स्कोर पर केवल 7 रन बनाएं

पहली पारी के आधार पर 157 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम की दूसरी पारी मे भी शुरूआत खराब रही और केएल राहुल 12 के कुल स्कोर पर केवल 7 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने।
इसके बाद यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने पारी को



संभालने की कोशिश की, हालांकि 42 के कुल स्कोर पर यशस्वी 24 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड का शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 11 रन बनाकर बोलैंड का दूसरा शिकार बने। एक तरफ से संभलकर खेल रहे शुभमन गिल को मिचेल स्टॉर्क ने 86 के कुल स्कोर पर अपनी एक खूबसूरत गेंद पर बोल्ड किया। गिल ने 28 रन बनाए। रोहित शर्मा एक बार फिर बिना कुछ किये केवल 6 रन बनाकर कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 5 विकेट पर 128 रन बना लिये।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे, उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट लिए। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए। मैच में तीन बदलाव के साथ उतरी भारतीय टीम, ऑस्ट्रेलिया ने हेजवलुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए हेड का शतक, लाबुशेन ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने भी 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 4-4 और नीतीश रेड्डी और रविचंद्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 व मिचेल स्टॉर्क ने 1 विकेट लिया। भारतीय टीम ने इस मैच के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किये। देवदत्त पडिकल, ध्रुव जुरेल और वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन को शामिल किया गया।

## सेमीफाइनल में सजल ने लखनऊ के ओम यादव को हराया



**लखनऊ। एजेंसी**

उप्र स्टेट टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल राउंड में खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाया। बढ़त बनाने के लिए ठंड में पसीने बहाते रहे। इसमें लखनऊ के खिलाड़ियों ने अपना जलवा कायम रखा और उनकी बढ़त बनी रहीं। प्रयागराज के सजल केसरवानी ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से मात देकर अपना जलवा बनाये रखा।उप्र टेनिस एसोसिएशन द्वारा मिनी स्टेडिमयम विजयंतखंड में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष सिंगल्स सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के सजल ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से हराया। वहीं दूसरा मुकाबला लखनऊ यश यादव का लखनऊ के ही वरूण सिंह ने हुआ, जिसमें यश ने कड़ी टक्कर में वरुण को 8-7 से मात दे दी। वहीं पुरुष अंडर-18 सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के रोहिन को 8-0 से मात दे दी। महिला वर्ग में सानिध्य ने वरुण को 8-5 से हराया।पुरुष वर्ग के अंडर-16 सिंगल्स मुकाबले में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के कौस्तुभ सिंह को 8-3 से मात दी। वहीं महिला वर्ग में लखनऊ की सानिध्या ने लखनऊ की राहिन राज को 8-3 से मात दी। महिला वर्ग में सेमीफाइनल राउंड में आशि ने आदित्री को 8-4 से, लखनऊ की ही ऐराह ने ताशी को 8-5 से हरा दिया। वहीं महिला सिंगल सेमी फाइनल राउंड में लखनऊ की सासा कटियार ने गौरी जायसवाल को 7-0 से मात दे दी।

### इंटर मियामी के साथ रिकॉर्ड सीजन के बाद एमएलएस के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुने गए मेसी




**नई दिल्ली।** इंटर मियामी के साथ एक बेहतरीन सीजन के बाद लियोनेल मेसी को शुक्रवार को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। मेसी को यह पुरस्कार उनके प्रदर्शन के बाद दिया गया, जिसकी बदौलत मियामी ने नियमित सत्र में 74 अंकों का रिकॉर्ड बनाया, जिससे क्लब को अपना पहला सपोर्टर्स शील्ड मिला। एमवीपी समारोह में मेसी ने कहा मैं यह पुरस्कार किसी और स्थिति में प्राप्त करना पसंद करता, जब मैं शनिवार को फाइनल खेल पाता। इस साल एमएलएस चैंपियन बनने का हमारा बड़ा सपना था। ऐसा नहीं हुआ, लेकिन अगले साल हम फिर से कोशिश करने के लिए और मजबूत होकर वापस आएंगे। 37 वर्षीय अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने लीग में सबसे ज्यादा 36 गोल (20 गोल और 16 असिस्ट) करके नियमित सीजन का समापन किया। यह पुरस्कार मेसी के लिए चोटों से भरे सीजन में आया है, जिसमें उन्होंने इस साल सिर्फ 19 मैच खेले हैं।

## सैंडर स्कॉटहेम ने जीता अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले पुरस्कार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कॉटहेम ने विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले का पुरस्कार जीता। प्रशंसकों से प्राप्त नामांकन के बाद, अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले समिति (सीआईएफपी) और विश्व एथलेटिक्स के सदस्यों ने 2024 में एथलेटिक्स में पांच फेयर प्ले क्षणों की एक सूची पर निर्णय लेने के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया, जिसके बाद स्कॉटहेम को विजेता घोषित किया गया।
स्कॉटहेम के लिए निष्पक्ष खेल का क्षण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में आया, जहाँ पोल वॉल्ट पदक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद विश्व इनडोर और यूरोपीय रजत पदक विजेता स्कॉटहेम ने प्रतिस्पर्धा जारी रखने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में स्कॉटहेम ने अपने हमवतन मार्कस रूथ का समर्थन किया, और अंतिम



अनुशासन - 1500 मीटर में अपने साथी की मदद की। रूथ ने 8796 अंकों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ नॉर्वे के लिए स्वर्ण पदक जीता, और 48 अंकों से ओलंपिक खिताब जीता। विश्व एथलेटिक्स के हवाले से स्कॉटहेम ने कहा, ₹मैं यह पुरस्कार पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। ओलंपिक मेरे लिए बहुत ही रोचक अनुभव था, क्योंकि मैंने बहुत अच्छी प्रतियोगिता की थी और फिर मैं पोल वॉल्ट में नो-हाइट हो गया।

## महिला जूनियर एशिया कप : ओमान में भारतीय हॉकी टीम अपना खिताब बचाने को तैयार

**मस्कट। एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला टीम मस्कट, ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल के अपने खिताब का बचाव करना है। 7 से 15 दिसंबर 2024 तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में भी काम करेगा, जो चिली में आयोजित किया जाएगा। भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडकर, कप्तान ज्योति सिंह और उपकप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो और मुमताज खान जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल चुके हैं और टूर्नामेंट के दौरान बाकी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। पिछले साल भारत ने



फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था।
भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार भिड़ेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल की तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप के लिए अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। कप्तान ज्योति सिंह ने कहा हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की जोरदार शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब बचाना चुनौतीपूर्ण होने वाला है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सब कुछ देगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूर्नामेंट इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब घर लाने के लिए दोगुना प्रतिबद्ध हैं।" उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा टीम ने टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की है और अब प्रदर्शन करने का समय है। हमारे पास बहुत प्रतिभा और जुनून वाली एक अनुभवी टीम है।
हमें विश्वास है कि हम अपना खिताब बचा सकते हैं," भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपना पहला मैच 8 दिसंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यदि भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक के रूप में समाप्त होता है तो वे सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे जो 14 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल के विजेता 15 दिसंबर को खेले जाने वाले फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

## व्यापार

### तादिरन टेलीकॉम की 'मेक इन इंडिया' विनिर्माण के लिए डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी

**नयी दिल्ली। एजेंसी**

एकीकृत संचार समाधानों में निमार्ता तादिरन टेलीकॉम ने भारत में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा करते हुये मेक इन इंडिया विनिर्माण के लिए डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिवहन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और ऊर्जा सहित प्रमुख क्षेत्रों में अपने परिचालन को बढ़ाने और अपनी बाजार उपस्थिति को बढ़ाने की योजना भी बनाई है। तादिरन, डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से, सालाना 100,000 से अधिक स्थानीय रूप से निर्मित 'मेक इन इंडिया' उत्पादों का उत्पादन करने के लिए तैयार है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य मजबूत विनिर्माण और वितरण सहायता सुनिश्चित करते हुए क्लास 2 और क्लास1 'मेक इन



इंडिया' उत्पादों की पेशकश कर-के सरकारी क्षेत्र में तादिरन की उपस्थिति को मजबूत करना है।
तादिरन भागीदारों का एक उपयुक्त नेटवर्क और एक उन्नत उत्पाद पोर्टफोलियो विकसित करके एसएमबी और कॉर्पोरेट बाजारों में विस्तार के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ डॉलर के निवेश के हिस्से के रूप में, कंपनी एक उन्नत, मल्टी-चैनल क्लाउड-आधारित यूसीएएएस और सीसीएएएस समाधान भी पेश करेगी।

### वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट पूर्व दूसरी बैठक

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नई दिल्ली में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरी बजट पूर्व परामर्श बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के तहत हुई। वित्त मंत्रालय 'एक्स' पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरे बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। परामर्श बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम)



के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में कृषि क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा दिए। कृषि अर्थशास्त्री टिकाऊ कृषि पद्धतियों, उत्पादकता वृद्धि और बाजार सुधारों पर भी वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। बजट पूर्व परामर्श की यह बैठक वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक व्यापक और समावेशी बजट के लिए विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से इनपुट एकत्र करना है।
इससे एक दिन पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट के लिए प्रमुख अर्थशास्त्रियों के इनपुट और सुझाव एकत्र करने के लिए पहली बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की थी।

### सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की तेजी के बाद एक बार फिर सोने के भाव में गिरावट का रुख बन गया है। सोना 150 रुपये से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,770 रुपये से लेकर 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये से लेकर 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।
देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की



कीमत 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कापोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।
वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.65 प्रतिशत उतरकर 67.17 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.05 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

# डग में हिंदूवादी संगठनों ने निकाली जन आक्रोश रैली

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बर्बरता पूर्वक हो रहे अत्याचारो के खिलाफ पुलिस उपाधीक्षक को राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान







रमेश मोदी/झालावाड़। जिले के डग कस्बे में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओ पर बर्बरता पूर्वक हो रहे हमलों व अत्याचारों और वहां के मठ मंदिरों पर हो रहे हमलों के खिलाफ डग कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से दोपहर 1 बजे विहिप,बजरंग दल शिवसेना सहित हिंदूवादी संगठनों द्वारा विशाल जनाक्रोश रैली कस्बे मे निकाल कर पुलिस थाना डग पहुंची जहां महा महिम राष्ट्रपति के नाम डग थाना परिसर में गंगधार पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की अविलम्ब रिहाई व हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न पर विराम हो तथा अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिन्दू समुदाय पर अनवरत हो रहे , अमर्यादित अत्याचार पर रोक लगाई जाए बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिन्ता व्यक्त कर रोक लगानी चाहिए थी. ऐसी रोक नहीं लगाई है। सर्व हिन्दू समाज डग आपसे यह अपेक्षा करता है कि वहाँ पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गम्भीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दवाव बनाए कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा कर उन्हें पर्याप्त सुरक्षा दी जाए इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज कस्बे वासी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जन आक्रोश रैली में मौजूद रहे वहीं जन आक्रोश रैली को सफल बनाने हेतु व्यापार महासंघ,फल सब्जी विक्रेता सहित संपूर्ण कस्बे के नागरिको ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सभी संगठनों ने अपना समर्थन दिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### दिया कुमारी ने नेशनल कॉन्क्लेव फॉर टाइप 1 डायबिटीज कार्यक्रम में चिकित्सकों का किया उत्साहवर्धन




चमकता राजस्थान/जयपुर। मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नेशनल कॉन्क्लेव फॉर टाइप 1 डायबिटीज कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन के माध्यम से टाइप 1 डायबिटीज के रोकथाम हेतु समाज में जागरूकता लाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### सुरक्षा के मोर्चे पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने किया सराहनीय काम : गजेंद्र सिंह शेखावत

जोधपुर/एजेंसी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा भारत की पश्चिमी सीमाओं का सीमा सुरक्षा बलों ने जिस तरीके से सुरक्षा की है, निश्चित रूप से वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के समय वन फोर्स वन बॉर्डर की व्यवस्था की गई, उसके बाद से पंजाब और बांग्लादेश इन दोनों बॉर्डर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल पर है। अपने गठन से लेकर के अब तक सीमा सुरक्षा बल ने अभूतपूर्व रूप से देश के लिए काम किया है।

निश्चित ही आज हम चैन की नींद सो पाते हैं, क्योंकि सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवान तैनात रहते हैं। हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सीमा सुरक्षा बल के रेजिंग डे पर जोधपुर आ रहे हैं। पहले यह कार्यक्रम सिर्फ दिल्ली में हुआ करते थे, लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यह तय किया गया कि इस तरह के कार्यक्रम अलग-अलग जगहों पर किया जाना चाहिए। दो साल पहले इस तरह का कार्यक्रम जैसलमेर में आयोजित हुआ था, अब जोधपुर में आयोजित हो रहा है।

संसद में 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह तो जांच का विषय है। पूरी जांच होने के बाद ही इस पर टिप्पणी करूंगा। वहीं संसद में विपक्ष की ओर से काले कपड़े पहनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यह जनता के जनादेश का अपमान है। भारत की जनता इनको चाल चरित्र चेहरे को पहचान चुकी है । वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार से जोधपुर के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वह रविवार को जोधपुर के सर्किट हाउस के बाहर वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। केंद्रीय मंत्री शाह शनिवार रात 9.30 बजे जोधपुर पहुंचेंगे और रात को बीएसएफ गेस्ट हाउस में रुकेंगे। इसके बाद रविवार को एसटीसी बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में स्थापना दिवस परेड में हिस्सा लेंगे।

### अजमेर कोर्ट ने दोषी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

- नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामला

अजमेर/एजेंसी। अजमेर की पॉक्सो कोर्ट-2 ने शनिवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले के दोषी अरशद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह मामला अजमेर जिले के पीसांगन गांव का है, जहां मुस्लिम युवक अरशद ने खुद को हिंदू बताकर इंस्टाग्राम पर नाबालिग से दोस्ती की और उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर दुराचार किया। बाद में आरोपी ने पीड़िता की हत्या कर दी। अदालत ने उसे मामले को जघन्य बताते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

शनिवार को अजमेर की पॉक्सो संख्या 2 के न्यायाधीश रंजन शर्मा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी अरशद को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी। पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 के लोग अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि अरशद ने अपने आपको हिंदू बताकर पीड़िता से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसको सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुराचार किया ।

लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया, शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया।

## नेटथियेट पर गीत-गज़ल

# मुझको इस दौर में जीने की सजा दे कोई

चमकता राजस्थान




जयपुर। नेटथियेट कार्यक्रम की श्रृंखला में आज गीत-×गज़ल कार्यक्रम में उभरती गज़ल सिंगर मधु नायर ने अपनी मखमली आवाज़ में सुप्रसिद्ध गीत-गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया ।

नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कलाकार मधु नायर ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुप्रसिद्ध शायर नासिर काजमी की गजल ना मिला कर उदास लोगों से हुस्न तेरा बिखर न जाए कहीं तू भी दिल से उतर न जाए से की । इसके बाद उन्होंने शमीम जयपुरी की एक ग़ज़ल बेगुनाही का हर अहसास मिटा दे कोई, मुझको इस दौर में जीने की सजा दे कोई फिर तस्लीम फ़ाज़ली शायर की आपको भूल जाए हम इतने तो बेवफा नहीं आपसे क्या गिला करें, आपसे कुछ गिला नहीं और

शायर आगा बिस्मिल की गज़ल महफिल में बार-बार किसी पर नजर गई हमने बचाई लाख मगर फिर उधर गई को जब अपनी पुर-कशिश आवाज में इन ग़ज़लों को सुनाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। शायर मसरुर अनवर मुझे तुम नजर से गिरा तो रही हो, मुझे तुम कभी भी भूला ना सकोगे और अंत मे प्याज हाशमी की सुप्रसिद्ध गज़ल आज जाने की जिद ना करो यूं ही पहलू मे बैठ रहो पेश कर अपनी गायिकी का परिचय दिया।

इनके साथ देश के जानेमाने तबला वादक परमेश्वर लाल कत्थक ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर गज़ल की इस महफिल को परवान चढाया। हारमोनियम पर राजेंद्र जडेजा और गिटार पर सुनील कुमार ने शानदार संगतकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी ।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी तथा कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कैमरा मनोज स्वामी, संगीत संयोजन विनोद सागर गढवाल, मंच सज्जा जीवितेश शर्मा व अंकित शर्मा नानू की रही।

### जार राजस्थान के द्वि-वार्षिक चुनाव 22 को

चमकता राजस्थान/जयपुर। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के द्वि-वार्षिक चुनाव 22 दिसम्बर को होंगे। चुनाव प्रकिया 11 दिसम्बर से शुरू होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी योगेश सैन ने बताया कि जार की नई प्रदेश कार्यकारिणी (वर्ष 2025-26) में प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव व प्रदेश कोषाध्यक्ष के एक-एक पद, प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश सचिव के सात-सात पदों पर एवं प्रदेश कार्यकारिणी के 21 सदस्यों के लिए चुनाव होंगे। चुनाव के लिये मतदाता सूची का प्रकाशन 11 दिसम्बर को, मतदाता सूची पर आपत्ति 12 दिसम्बर, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर को किया जाएगा। 14 व 15 को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। जांच के बाद वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 17 दिसम्बर व नामांकन वापसी की तिथि 19 दिसम्बर तय की है। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 20 दिसम्बर को होगा। वहीं मतदान 22 दिसम्बर व मतगणना 23 दिसम्बर को होगी।

नामांकन पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी से दोपहर 1 से तीन बजे तक चुनाव कार्यालय, प्लॉट नम्बर 1, सीकर हाउस चांदपोल गेट के बाहर जयपुर-16 से प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्याशी को नामांकन पत्र स्वयं अपने प्रस्तावक व अनुमोदक समर्थक के साथ देना होगा। मतदान व मतगणना कार्यक्रम परशुराम भवन विद्याधर नगर जयपुर में रहेगा।

# सशस्त्र बल हमारे लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच हैं

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर राजनाथ सिंह ने कहा

नई दिल्ली/एजेंसी।

देश में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई दी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इस अवसर पर सभी सेवारत, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिजनों को नमन करता हूं। साथ ही उन्होंने उन्हें इस दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे वीर जवानों और पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और समर्पण को पहचानने का अवसर है। हमारे सशस्त्र बल हमारे लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच हैं, जो हर परिस्थिति में हमें सुरक्षित करने के लिए तत्पर रहते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारी सेनाएं न केवल बाहरी आक्रमणों से बल्कि प्राकृतिक आपदा के समय भी हमारी सुरक्षा के लिए तैयार रहती हैं। उनका त्याग और अनुशासन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमें यह संदेश और साथ ही अवसर भी देता है कि हम सेवानिवृत सैनिकों, उनके परिवार और वीर नारियों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं।

सरकार सेवानिवृत सैनिकों, उनके परिवार और उनके बच्चों के कल्याण के लिए हर वह कदम उठा रही है जो कदम उठाने चाहिए। हम उनकी शिक्षा, उनकी चिकित्सा और इसी प्रकार की अन्य जरूरतों की पूर्ति के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। साथ ही हम देश के नागरिकों से भी यह अपेक्षा करते हैं आप हमारे सैनिकों से जुड़े कल्याणकारी कार्यों को बढ़ावा देने के लिए आगे आएं। आपका छोटा सा भी आर्थिक योगदान हमारे किसी एक सेवानिवृत सैनिक या उनके परिवार के लिए बड़ा महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि समाज कल्याण के लिए नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह सौ हाथों से धन अर्जित करें और हज़ार हाथों से दान करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में यथाशक्ति अपना योगदान देकर हमारे सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हम भी हमारे वीर सैनिकों के प्रति समर्पण का वही भाव दिखाएं, जो भाव हमारे सैनिक हम देशवासियों के प्रति रखते हैं। जय हिंद।

बता दें कि हर साल सात दिसंबर को देश में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिवस सशस्त्र बलों व उनके परिवार के कल्याण के लिए मनाया जाता है। यह साल 1949 से लगातार मनाया जा रहा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रविवार से तीन दिवसीय रूस दौरा

## नौसेना आईएनएस तुशील को करेंगे कमीशन

नईदिल्ली/एजेंसी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल से तीन दिवसीय रूस दौरे पर रवाना होंगे. रक्षा मंत्री सिंह का ये दौरान 8 से 10 दिसंबर तक चलेगा. अपनी इस आधिकारिक यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मास्को में 10 दिसंबर को भारत-रूस इंटर-गवर्नमेंटल कमीशन ऑन मिलिट्री एंड मिलिट्री टेक्निकल कोऑपरेशन की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे. बैठक में उनके साथ रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलूसोव भी मौजूद रहेंगे.

इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सैन्य-सेना सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी. साथ ही, दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 दिसंबर को कलिनिनग्राद स्थित यंत्रा शिपयार्ड में भारतीय नौसेना की नई बहु-भूमिका वाली स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को कमीशन करेंगे. इस ऐतिहासिक मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ रहेंगे.

अपनी इस यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह मास्को में द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सोवियत सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे. इसके लिए वह द टॉम्ब ऑफ द अननोन सोल्जर जाएंगे. इसके अलावा, रक्षा मंत्री सिंह रूस में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे. रक्षा मंत्री की यह यात्रा भारत-रूस रक्षा संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है.

बता दें कि आईएनएस तुशील तलवार क्लास का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है. जिसे प्रोजेक्ट 11356 के नाम से भी जाना जाता है. इसका निर्माण और डिजाइन रूस ने किया है. बता दें कि रूसी तटरक्षक भी तलवार क्लास के गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट का ही इस्तेमाल करते हैं. आईएनएस तुशील समेत सभी चार फ्रिगेट में यूक्रेनी की कंपनी जोर्या-मैशप्रोक्ट द्वारा बनाए गए इंजन लगाए गए हैं. आईएनएस तुशील को भारतीय नौसेना में 9 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल कराएंगे. जिसके लिए वह रविवार को रूस के लिए रवाना होंगे. यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाएगा. जो चार फ्रिगेट में से पहला है.

# रिफाइनरी के पेट्रोलियम केमिकल्स एंड पेट्रो इन्वेस्टमेंट रीजन (PC-PIR) से संबंधित अनुमतियां जल्दी जारी करे भारत सरकार : अशोक गहलोत

चमकता राजस्थान

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के लिए जयपुर आने वाले हैं। मैं उनसे राजस्थान के हित में निवेदन करता हूं कि वो ढटड को निर्देशित कर बाड़मेर रिफाइनरी से संबंधित सभी अनुमतियां जारी करवाएं एवं यहां ढउ-ढक्रक्रका काम शुरू करवाएं।

पूर्व मुख्य मंत्री गहलोत ने कहा कि जब मैंने 2 जून 2023 को बाड़मेर रिफाइनरी में कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक की तब रिफाइनरी प्रशासन ने 31 दिसंबर 2024 से व्यवसायिक उत्पादन शुरू करने का आश्वासन दिया था परन्तु अब इस तारीख तक काम पूरा होने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं।

गहलोत ने बताया कि रिफाइनरी से निकलने वाले बाय प्रॉडक्ट्स से बनने वाले उत्पादों के लिए बाड़मेर से जोधपुर के बीच पेट्रोलियम केमिकल्स एंड पेट्रो इन्वेस्टमेंट रीजन (ढउ-ढक्रक्र) विकसित किया जाना था जिसमें तमाम तरीके के उद्योग लगाए जाने थे। हमारी सरकार ने इसके लिए 2021 में ही जमीन आवंटन कर काम आगे बढ़ा दिया था परन्तु नई भाजपा सरकार आने के बाद ढउ-ढक्रक्र का काम एकदम ठप पड़ गया है। कथित ₹डबल इंजन₹ सरकार के बावजूद भी भारत सरकार ने ढउ-ढक्रक्र के लिए जरूरी अनुमतियों को अभी तक लंबित रखा है। इसके कारण रिफाइनरी शुरू होने के बाद भी इन सब बाय प्रॉडक्ट्स की दूसरे राज्यों में प्रोसेसिंग होगी। ढउ-ढक्रक्र से लगभग 1.5 लाख नए रोजगारों की उम्मीद थी जो अभी धूमिल होती दिख रही है।

रिफाइनरी के इतिहास को याद करते हुए गहलोत ने कहा कि जनता भूली नहीं है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय रिफाइनरी का काम 5 साल अटकाए रखा गया जिससे इसकी निर्माण लागत 40,000 करोड़ से लगभग दोगुनी हो गई और राज्य सरकार पर अनावश्यक वित्तीय भार पड़ा। अब ढउ-ढक्रक्रके काम में अनावश्यक देरी करने से यहां लगने वाले उद्योग दूसरे राज्यों में चले जाएंगे और यहां के युवाओं को मिलने वाले मौके भी समाप्त हो जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929